### मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय को जारी किया है निर्देश

# थानों को साफ-सुथरा बनाने के लिए मालखानों से हटाया जायेगा कबाड़

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद राज्य के सभी जिलों के थानों से कबाड़ को हटाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री की तरफ से भी पुलिस मुख्यालय को निर्देश जारी किया गया था। पुलिस मुख्यालय की तरफ से आदेश जारी होने के बाद राजधानी रांची के थानों को साफ-सुथरा बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है।

**सूची बनाकर कबाड़ और जब्त वाहनों को नीलाम किया जाएगा**

पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद अब थानों में स्थित मालखाना के कबाड़ और परिसर में रखे गए जब्त वाहनों को नीलाम किया जाएगा। रांची पुलिस ने इसकी



तैयारी शुरू कर दी है। रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि रांची के थानों में रखे गए कबाड़ को हटाया जाएगा। इसके लिए सभी थानेदारों को मालखाना में रखे सामानों की अलग-अलग सूची तैयार करने का निर्देश दिया है। थानेदारों को जब्त समानों का एक ऐसा सूची बनाने को कहा गया है जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है। वहीं दूसरी सूची उन सामानों की तैयार करने के लिए कहा गया है, जिसका मामला कोर्ट से निष्पादित हो चुका है। इसके बाद कोर्ट से निष्पादित सामानों की सूची तैयार करने के बाद मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में नीलाम किया जाएगा। इधर, एसएसपी के निर्देश के बाद थानों में सामानों की सूची तैयार करने की कार्रवाई शुरू हो गयी है। इसके अलावा थानों में चोरी के जब्त और एक्सीडेंटल वाहनों की भी सूची तैयार की जाएगी। एसएसपी ने थानेदारों से कहा है कि इन वाहनों की सूची तैयार करने के बाद कोर्ट की अनुमति से इन वाहनों को भी नीलाम किया जाएगा। जब्त वाहनों की नीलामी से मालखाना का बोझ कम होगा और साथ ही थाना परिसर भी साफ-सुथरा होगा।

**तबादला के बाद भी थानेदारों ने नहीं दिया है मालखाना का चार्ज** : मालखाना प्रभारी के लिए सभी सामान को सुरक्षित रखना चुनौती रहता है। मालखाना का प्रभार लेने में पुलिस अधिकारी हिचकते हैं और मालखाना प्रभार लंबित रहता है। इसका मूल कारण वर्षों पुराने सभी वाहन और सामान का सत्यापन कर प्रभार लेना मुश्किल रहता है। बर्बाद हो चुके समानों का प्रभार लेने से पुलिस अधिकारी बचते हैं। एसएसपी ने सभी थानेदारों को निर्देश दिया है कि वे अविलंब मालखाना का चार्ज लें। एसएसपी के निर्देश के बाद कई थाना प्रभारियों ने मालखाने का काम खत्म करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**सीएम ने थानों में कबाड़ को लेकर की थी टिप्पणी** : गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल के दिनों में कई बार खुले मंच से थानों में कबाड़ को लेकर टिप्पणी की थी। चाईबासा में तो सीएम ने वहां के एसपी से यह भी कह दिया था कि आपका थाना कबाड़ी खाना जैसा दिख रहा है। झारखंड आर्म्ड फोर्स के एक कार्यक्रम में भी सीएम ने बातें दोहराई थी। जिसके बाद पुलिस मुख्यालय की तरफ से निर्देश जारी किया गया है कि जल्द से जल्द थानों से कबाड़ को हटाया जाए।

### झारखंड से कांग्रेस नेताओं के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी गए श्रीनगर

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का समापन में आज शामिल होंगे झारखंड के कांग्रेस नेता

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का समापन आज जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में होगा। करीब 3970 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस पार्टी ने समान विचारधारा वाले सभी दलों के प्रमुख नेताओं को न्योता दिया है। झारखंड से कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि के रूप में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के समापन में शामिल होने के लिए रविवार को रवाना हुए।

भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और भारत जोड़ो यात्रा के झारखंड संयोजक सुबोधकांत सहाय रविवार की सुबह सेवा विमान से दिल्ली होते हुए श्रीनगर के लिए रवाना हुए। कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह पहले से ही श्रीनगर में मौजूद हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की 30 जनवरी को खतियानी जोहार यात्रा प्रस्तावित है, इसलिए उनके प्रतिनिधि के रूप में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

**राहुल गांधी के संदेश का व्यापक असर** : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि पहले यह यात्रा कन्याकुमारी से जम्मू तक की प्रस्तावित थी और यह दूरी 3570 किलोमीटर की थी, लेकिन जिस तरह से देशभर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को अपार जनसमर्थन मिला, उसके बाद यह फैसला लिया गया कि भारत जोड़ो यात्रा श्रीनगर जाकर समाप्त होगी। इसलिए अब यह यात्रा 3570 किलोमीटर से बढ़कर 3970 किलोमीटर की हो गई है। उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा कि जिस संदेश को लेकर उनके नेता राहुल गांधी सितंबर में भारत जोड़ो यात्रा पर निकले थे, उनका संदेश आज सफल होता दिख रहा है।

**भारत जोड़ो के बाद शुरू होगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान** : राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के समापन के बाद कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू करेगी और वर्तमान केंद्र में सत्ता परिवर्तन के निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

## खबर एक नजर में

### सरकारी दफ्तरों में आज याद किये जायेंगे शहीद

**रांची।** राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में सोमवार को शहीद दिवस मनाया जायेगा। कार्यालयों में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया जायेगा। शहीद दिवस पर देश के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित की जायेगी। इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवलाय एवं निगरानी विभाग ने सभी विभागों के मुख्य सचिव, सभी प्रधान सचिवों, सभी सचिवों, पुलिस महानिदेशक, सभी आयुक्त, सभी उपायुक्त, सभी एसपी और सभी डीएसपी को पत्र भेजा है। भेजे गये पत्र में कहा गया है कि 30 जनवरी को सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण रखा जाये।

### किसान मोर्चा की टीम पहुंची कर्नाटक



**रांची।** राष्ट्रीय कार्यसमिति भाजपा किसान मोर्चा दो दिवसीय 29-30 जनवरी राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक कर्नाटक बेलगाम होटल मयूर प्रेसिडेंसी में प्रारंभ हुई। इसमें किसान मोर्चा के झारखंड के अध्यक्ष पवन साहू व महामंत्री ललित ओझा के नेतृत्व एक टीम कर्नाटक पहुंची है। सम्मेलन में झारखंड भाजपा से अर्जुन प्रसाद सिंह, बजरंगी यादव, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह शामिल हुए हैं। झारखंड में मोर्चा के आंदोलन और कार्यक्रम का रिपोर्ट रखा गया। किसान मोर्चा के बढ़ते आकार और प्रभाव को केंद्रीय अध्यक्ष ने स्वीकार करते हुए टीम झारखंड को बधाई दी।

### कृष्ण बिहारी राम के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कृष्ण बिहारी राम, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, एनआरईपीए लातेहार के विरुद्ध अभियोजन चलाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है। लातेहार जिला के मनिका थाना में 12 अगस्त 2010 को वित्तीय अनियमितता के इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों में कार्रवाई करने के लगातार आदेश दे रहे हैं। लातेहार के मनिका थाना में 12 अगस्त 2010 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी

# झारखंड की गठबंधन सरकार से जनता को दिलाना है छुटकारा: बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने झामुमो को झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा है कि झामुमो की सरकार से राज्य की जनता को मुक्ति दिलाना है। श्री मरांडी रविवार को अपने आवास पर संथाल परगना क्षेत्र से दर्जनों की संख्या में आए लोगों को भाजपा में शामिल करा रहे थे। यह मिलन समारोह



मोराबादी स्थित पूर्व सीएम के आवास पर किया गया था। इसमें लिट्टीपाड़ा की सामाजिक कार्यकर्ता अनिता मुर्मू के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा झारखंड की स्थिति आज भयावह हो चुकी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य में खान खनिज, संसाधनों की लूट हो रही है। राज्य के विकास से इनका कुछ भी लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि आज राज्य की युवा पीढ़ी बेरोजगारी की मार झेल रही है। महिलाएं, बहन-बेटियां असुरक्षित हैं। किसान, मजदूर सभी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे हालत में जनता का विश्वास सत्ताधारी दल से उठ चुका है। जनता आशा भरी निगाहों से भाजपा और एनडीए गठबंधन की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में झामुमो के खिलाफ आक्रोश है। इसी का परिणाम है कि बड़ी संख्या में लोग रोज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य बनाने से लेकर राज्य की सड़क,बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को विकसित कराने का श्रेय भाजपा को है।

# प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज का मान दुनिया में बढ़ाया : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा कार्यकर्ता-नेताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रदेश भर में सुना। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने रामगढ़ जिला के चितरपुर मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 252 पर मन की बात सुनी। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम अब जन जन का कार्यक्रम बन चुका है। प्रधानमंत्री के प्रयास से संयुक्त राष्ट्रसंघ के द्वारा योग दिवस और मोटा अनाज वर्ष घोषित करना भारत की बड़ी उपलब्धि है। वहीं अपने मोरहाबादी स्थित आवास पर मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह कार्यक्रम गागर में सागर भरा हुआ होता है। रांची महानगर जिलांतर्गत हरमू मंडल के बूथ संख्या 305 पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मन की बात कार्यक्रम सुना। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू, नवीन जायसवाल, काजल प्रधान सहित सभी प्रदेश पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र स्थित बूथों पर मन की बात को सुना।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों के आंदोलन का भाकपा माले ने किया समर्थन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड जन स्वास्थ्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले राज्य भर में 18 दिनों से जारी अनशन आंदोलन का भाकपा माले ने समर्थन किया है। भाकपा माले ने मांग की है कि आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ अविलंब समझौता वार्ता कर इनकी मांग पूरी करने की पहल की जाए। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त और राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने रविवार को धरना स्थल पर जाकर कर्मियों से भेंट की। मनोज भक्त ने कहा कि



अनशनरत स्वास्थ्य कर्मियों की हालत बेहद खराब है।

इधर, भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि राज्य सरकार को 30 जनवरी तक इस मामले में निर्णय के लिए बात करेंगे। जरुरत पड़ी तो हमारी पार्टी राज्य के स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए सड़कों पर भी आंदोलन तेज करेगी।

# अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों के आमरण अनशन का छठा दिन, अबतक छह लोगों को पहुंचाया गया अस्पताल

### दो अनशनकारियों की हालत गंभीर, मिलने पहुंचे बोरियो विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम, एएनएम, जीएनएम कर्मचारी संघ के बैनर तले हड़ताल का 13वां दिन है, जबकि आमरण अनशन का छठा दिन है। अनशन पर बैठे कुल 21 कर्मचारियों में 6 लोगों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है।



इनमें एएनएम संघ की प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं, जबकि हजारीबाग के नवीन रंजन की तबीयत दोबारा बिगड़ जाने के बाद उन्हें भी सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं जामताड़ा की अनीता और नंदनी की तबीयत बिगड़ने के बाद सदर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। रविवार को लातेहार की अरुणा टोप्पो और हजारीबाग की सुनीता कुमारी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**स्वास्थ्य कर्मियों से करनी चाहिए बात** : बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि अनुबंध कर्मियों की मांग पर हम एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपने लोग हैं, और राज्य सरकार को अविलंब इन लोगों से वार्ता करनी चाहिए। इनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। वहीं सदर अस्पताल में भर्ती अनशनकारियों से भी लोबिन ने मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

**सरकार चाहे तो नियमितीकरण की राह आसान** : झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि दिन प्रतिदिन हमारे साथियों की स्थिति बिगड़ते जा रही है लेकिन अब तक सरकार का कोई भी नुमाइंदा हमलोगों से मिलने नहीं आया है। सरकार चाहे तो अनुबंध कर्मियों को नियमित कर सकती है. लेकिन इच्छाशक्ति की कमी है।

# लोजपा (आर) ने भी उप चुनाव मैदान में उतरने का बनाया मन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (आर) झारखंड प्रदेश समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान की अध्यक्षता में रविवार को पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ने का निर्णय लिया गया है। इसी के साथ 2023 में होने वाले नगर निकाय चुनाव में भी अपना प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में बिरेन्द्र प्रधान ने कहा कि बैठक में सहमति बनी है कि पार्टी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव लड़ेगी। वहां हमारी पार्टी का जनाधार ठीक है। संगठन में कई लोग हैं, जो चुनाव लड़ना चाहते हैं। हालांकि इस पर अंतिम फैसला हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान लेंगे।

**झारखंड सरकार की जनविरोधी नीतियों का होगा विरोध** : पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए शिविर लगाकर सदस्यता अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया। सभी लोकसभा सीटों में बूथ को मजबूत करने और प्रत्येक बूथ पर 10 कार्यकर्ता को जोड़ने का निर्णय लिया गया। साथ ही झारखंड सरकार की जनविरोधी नीतियों का पंचायत, जिला और राज्य स्तर पर विरोध करने का भी निर्णय लिया गया है।

प्रद्रेश प्रवक्ता उमेश तिवारी ने बताया कि बैठक में पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरे राज्य भर में एक लाख सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का झारखंड आगमन को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार ने गलत नियोजन नीति बनाकर लाखों बेरोजगारों को ठगा है। प्रत्येक वर्ष पांच लाख लोगों को रोजगार देने की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद इसकी प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हुई। इसके अलावा 10 लाख बच्चों के ड्रेस का पैसा खाते में नहीं भेजा गया है। शिक्षकों का अनुपात भी यहां कम है।

बैठक में कृष्ण देव पासवान, प्रमोद सिंह, दिनेश सोनी, राम सिंहासन शर्मा, कपिल पासवान, बेलाल खान, शिवजी कुमार, अभिषेक राय आदि मौजूद रहे।

**रामगढ़ का चुनाव होगा दिलचस्प** : लोजपा के घोषणा के बाद रामगढ़ विधानसभा का उपचुनाव दिलचस्प होने वाला है। एक ओर जहां कांग्रेस मजबूती के साथ चुनावी तैयारियों में जुट गई है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने चितरपुर में कांग्रेस की जीत तय होने की बात कही है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और बाबूलाल मरांडी भी दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ मंथन कर झारखंड लौट चुके हैं। जबकि सीपीआई ने प्रदेश परिषद की बैठक में रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशी देने का ऐलान कर दिया है। इस स्थिति में रामगढ़ विधानसभा का उपचुनाव यूपीए या एनडीए की तरफ करवट लेगा कहना मुश्किल है।

### 2019 के चुनाव में भाजपा और आजसू अलग-अलग चुनाव लड़े

**चुनावी दंगल**

### प्रमुख दलों की ओर से अभी तक किसी भी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हुई

# रामगढ़ विस उपचुनाव: आजसू को भाजपा का साथ मिला तो कांग्रेस से होगा सीधा मुकाबला

प्रभात सिंह

**रांची।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 27 फरवरी को होगा और दो मार्च को नतीजे आयेंगे। चुनाव का बिगुल बज जाने के बाद छोटे दलों की ओर से प्रत्याशी की घोषणा शुरू हो गयी है। वहीं प्रमुख दलों की ओर से अभी तक किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हुई है। कांग्रेस विधायक ममता देवी को सजा के बाद रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव हो रहा है। ममता देवी जेल में हैं और वह चुनाव नहीं लड़ पायेंगी। कांग्रेस उनकी जगह पर किसे उम्मीदवार बनाती है, यह देखना दिलचस्प होगा। हालांकि कांग्रेस में ममता देवी के पति बजरंग महतो की दावेदारी मजबूत देखी जा रही है।

उधर, आजसू की तरफ से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी प्रत्याशी होंगी, यह भी तय माना जा रहा है। सुनीता चौधरी 2019 विधानसभा चुनाव में भी आजसू प्रत्याशी रही थीं। यह देखना दिलचस्प होगा कि उपचुनाव में भाजपा अपना प्रत्याशी देगी या फिर आजसू को समर्थन करेगी। 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने रणंजय कुमार को चुनाव में उतारा था। जिसके बाद कांग्रेस, आजसू और भाजपा में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया था। 2019 में भाजपा-आजसू का गठबंधन टूट गया था लेकिन बाद के हुए सभी उपचुनावों में भाजपा-आजसू फिर से साथ हो गयी, इसलिए एक बार फिर माना जा रहा है कि रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए से कोई एक ही और वह आजसू का प्रत्याशी होगा। इसलिए मुकाबला कांग्रेस और आजसू में होना संभव है।

रामगढ़ कांग्रेस प्रत्याशी को झामुमो, राजद समेत अन्य दलों का साथ मिलेगा, वहीं आजसू प्रत्याशी को भाजपा का समर्थन मिल सकता है। विधानसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस, आजसू और भाजपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ था। चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी ममता देवी को 99944 मत, आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 71226 मत और भाजपा प्रत्याशी को रणंजय कुमार को 31874 वोट मिले थे। 2019 चुनाव में भाजपा और आजसू का गठबंधन टूट जाने से दोनों अलग-अलग चुनाव लड़े थे, जबकि कांग्रेस को झामुमो, राजद और अन्य दलों का साथ मिला था।



### 2019 के चुनाव में 22 उम्मीदवार थे मैदान में

2019 के विधानसभा चुनाव में रामगढ़ विस सीट पर कुल 22 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। जिसमें 10 उम्मीदवार ही ऐसे थे जिन्हें 1000 से अधिक वोट प्राप्त हुआ था। बाकी सब हजार के नीचे रहे। इस सीट पर चुनाव लड़ने वालों में कांग्रेस, आजसू पार्टी, भाजपा, सीपीआई, जनता दल यूनाइटेड, शिवसेना, माले शामिल शामिल थी।

| | |
|---|---|
| मामता देवी, | कांग्रेस- 99944 |
| सुनीता चौधरी, आजसू पार्टी- 71226 | |
| रणंजय कुमार, बीजेपी- 31874 | |
| बबलू कुशवाहा, निर्दलीय- 3271 | |
| खुर्शीद अहमद कुरैशी, सीपीआई- 2084 | |

सत्ताधारी महागठबंधन की ओर से कांग्रेस चुनाव परिणाम हर हाल में अपने पाले में करने के लिए मेहनत कर रही है। वहीं एनडीए के लिए रामगढ़ उपचुनाव नाक की लड़ाई बन गई है। रामगढ़ उपचुनाव का परिणाम महागठबंधन की एक और जीत उनकी उपलब्धियों के दावे पर मुहर लगा देगी। वहीं यदि एनडीए यहां बाजी मार ले जाती है तो जाहिर है कि इसे हेमंत सोरेन सरकार की घटती लोकप्रियता के रूप में प्रचारित करने का मौका उन्हें मिलेगा। वर्ष 2019 चुनाव का परिणाम एनडीए के विरोध में था। वह सत्ता से बाहर हो गई, इसके बाद प्रदेश में हुए 4 उपचुनावों में भी एनडीए को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में रामगढ़ उपचुनाव एनडीए के लिए नाक की लड़ाई बन गई है। वहीं एनडीए के घटक दल आजसू का मानना है कि चूंकि एनडीए में आजसू की वापसी हो गई है, रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए की जीत महागठबंधन सरकार के पतन की शुरूआत होगी। हालांकि रामगढ़ उपचुनाव के लिए किसी राजनीतिक दल ने अपने अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा अभी तक नहीं की है लेकिन चुनावी गोलबंदी जारी है।

### झारखंड में हुए 4 उपचुनाव में बीजेपी हारी

झारखंड विधानसभा चुनाव-2019 के बाद प्रदेश में 4 उपचुनाव हो चुके हैं। बेरमो, दुमका, मधुपुर और मांडर विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में महागठबंधन ने बाजी मारी है।

**बेरमो उपचुनाव** : बेरमो उपचुनाव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह के निधन के बाद नवंबर 2020 में उपचुनाव कराये गये। राजेंद्र सिंह के बेटे अनूप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल सिंह ने बीजेपी के योगेश्वर महतो 'बाटुल' को 14,236 मतों से हराया।

**दुमका उपचुनाव** : हेमंत सोरेन द्वारा विधायकी छोड़ने की वजह से यह सीट खाली हुई थी। नवंबर 2020 में चुनाव कराये गये थे। इन चुनावों में झामुमो के बसंत सोरेन ने बीजेपी की डॉ लुईस मरांडी को 6,512 वोट से हराया।

**मधुपुर उपचुनाव** : झामुमो नेता हाजी हुसैन अंसारी के निधन से खाली हुई इस सीट पर झामुमो के हफीजुल हसन अंसारी ने बीजेपी के गंगा नारायण सिंह को हराया। झामुमो प्रत्याशी हफीजुल हसन ने बीजेपी प्रत्याशी को 5247 वोट से पराजित किया। हफीजुल हसन को 1,10,783 वोट मिले, जबकि बीजेपी प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह को 1,05,491 वोट ही मिले।

**मांडर उपचुनाव** : मांडर विधानसभा सीट विधायक बंधु तिर्की की सदस्यता समाप्त होने के बाद खाली हुई थी। आय से अधिक संपत्ति मामले में सजा होने पर उनकी सदस्यता रद्द की गई। 23 जून उपचुनाव कराया गया। कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की ने बीजेपी की गंगोत्री कुजूर को 23,517 वोट के बड़े अंतर से हराया था।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
30.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 197



15 राहुल गांधी ने लाल चौक में फहराया तिरंगा

# हमारी छोरियां बनीं विश्व विजेता

**टीम इंडिया ने पहली बार में ही जीता अंडर 19 टी-20 वर्ल्ड कप**

**इंगलैंड को फाइनल में 7 विकेट से हराया, पुरुषों के भी चैंपियन हैं हम**





**एजेंसी**

**पोचेस्ट्रूम।** भारतीय महिलाओं ने पहली बार हो रहे आइसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2023 को जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया का मुकाबला इंगलैंड के खिलाफ था। इंगलैंड पहले खेलते हुए महज 68 रन पर ऑलआऊट हो गयी। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने सौम्या तिवारी की उम्दा पारी की बदौलत आसानी से 7 विकेट से जीत हासिल कर ली। दक्षिण साउथ अफ्रीका के पोचेस्ट्रूम स्थित स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी और इंग्लैंड को 17.1 ओवर में 68 रन पर ऑल आउट कर दिया। 69 रन का टारगेट भारत ने 14 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। भारत की ओर से सौम्या तिवारी के विनिंग शॉट खेलते ही भारत की कप्तान शेफाली वर्मा तिरंगे के साथ मैदान में दौड़ पड़ीं। भारत पुरुषों का भी अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियन है। 2022 में खेले गये फाइनल में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को ही हराया था।

**टिटास साधू प्लेयर ऑफ द मैच :** फाइनल में 6 रन पर 2 विकेट लेने वालीं टिटास साधू को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। इंग्लैंड की कप्तान ग्रेस स्रीवंस प्लेयर ऑफ द टूनामेंट रहीं। उन्होंने 7 मैचों में 293 रन बनाने के साथ 9 विकेट भी चटकाये।

भारत की ओर से 14वें ओवर की आखिरी बॉल पर सौम्या तिवारी ने विनिंग चौका लगाया। वह 24 रन बनाकर रिषिता बसु (0) के साथ नाबाद रहीं। वहीं, कप्तान शेफाली वर्मा 15, गोंगडी त्रिषा 24 और उप कप्तान श्वेता सेहरवात 5 रन बनाकर आउट हुईं। भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### भारत 6 विकेट से जीता सीरीज 1-1 की बराबरी पर

**लखनऊ।** टीम इंडिया ने टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला एक फरवरी को अहमदाबाद के मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। यह भारत के टी-20 इतिहास का पहला मैच है, जिसमें कोई छक्का नहीं आया है। मैच में 14 चौके लगे। इनमें से 6 कीवी और 8 भारतीय बल्लेबाजों ने जमाये। न्यूजीलैंड की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 99 रन ही बना सकी।

### डॉक्टर दंपती को दी गयी अंतिम विदाई

**धनबाद।** हाजरा हॉस्पिटल में हुए हादसे से पूरे धनबाद, खासकर डॉक्टर वर्ग में शोक की लहर है। रविवार को डॉक्टर दंपती और उनके भांजे को अंतिम विदाई दी गयी। इधर फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुटी हुई है। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के हाजरा हॉस्पिटल में हुए हादसे के बाद फॉरेंसिक टीम रांची से घटनास्थल पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम वहां पहुंचकर बारीकियों से घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### खूंटी : जलप्रपात में डूबने से एक किशोर की मौत

**खूंटी।** तपकरा थाना क्षेत्र के पांडुपुड़िंग जलप्रपात में डूबने से रविवार को एक सैलानी की मौत हो गयी। स्वजनों के साथ पिकनिक मनाने पांडुपुड़िंग गये रौनक कुमार माथुर (13) की नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गयी। खूंटी कटहल टोली निवासी जितेंद कुमार माथुर के पुत्र थे रौनक लोयोला स्कूल खूंटी में आठवीं कक्षा का का छात्र था। जल प्रपात में रौनक अपने भाई व कुछ साथियों के साथ पानी मे उतर कर स्नान करने लगा, सभी कोई नहाने के बाद बाहर निकल गये लेकिन रौनक दोबारा नहाने चला गया। कुछ देर तक रौनक नहीं निकला, तो स्वजन ग्रामीणों की मददद से उसे पानी से बाहर निकाले और तोरपा स्थित रेफरल अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दुमका : मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों में झड़प

**दुमका।** नगर थाना के जरूवाडीह मुहल्ले में रविवार दोपहर सरस्वती पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान धार्मिक गाने को लेकर दो समुदाय के लोगों में झड़प हो गयी। थाने में लिखित शिकायत की है। कहा है कि मूर्ति के विसर्जन के दौरान धार्मिक नारे व गाने बजाने पर आपत्ति जताते हुए डीजे के साथ तोड़-फोड़ की गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पा लिया है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

### रामदेव ने देवघर बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देवघर।** योग गुरु बाबा रामदेव रविवार को देवघर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। स्वामी रामदेव के आगमन के दौरान बाबा मंदिर में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी थी।

### गिरिडीह में थानेदार सहित तीन निलंबित

**गिरिडीह।** डुमरी थाना इलाके में मछली लदा एक वाहन के पलटने के बाद मौके से मछली लूटने और और चालक से पैसे वसूलने के मामले में थानेदार सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। घटना के बाद मामले की जांच करायी गयी थी।


### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

# खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक को राजभवन ने लौटाया

## राज्यपाल ने कहा, वैधानिकता की समीक्षा करें, विधि सम्मत है या नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने विधानसभा से पारित 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक 2022 को पुनर्समीक्षा के लिए राज्य सरकार को लौटा दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार इस विधेयक की वैधानिकता की समीक्षा करे कि यह संविधान के अनुरूप एवं उच्चतम न्यायालय के आदेशों व निर्देशों के अनुरूप है कि नहीं। राज्यपाल ने कहा है कि सरकार इस विधेयक की वैधानिकता की समीक्षा करे। राज्यपाल ने कहा है कि इस विधेयक की समीक्षा के क्रम में स्पष्ट पाया गया है कि संविधान की धारा 16 में सभी नागरिकों को नियोजन के मामले में समान अधिकार प्राप्त है। संविधान की धारा- 16(3) के अनुसार मात्र संसद को यह शक्तियां प्रदत्त है कि वे विशेष प्रावधान के तहत धारा 35 (ए) के अंतर्गत नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्तें लगाने का अधिकार अधिरोपित कर सकते हैं। राज्य सरकार ने सदन से पास कर इसे राज्यपाल के अनुमोदन और राष्ट्रपति की सहमति के लिए प्रेषित करने का अनुरोध राज्य सरकार द्वारा किया गया था।

इस अधिनयम के अनुसार, स्थानीय व्यक्ति का अर्थ झारखंड का अधिवास (डोमिसाइल) होगा जो एक भारतीय नागरिक है और झारखंड की क्षेत्रीय और भौगोलिक सीमा के भीतर रहता है और उसका या उसके पूर्वज का नाम 1932 या उससे पहले के सर्वेक्षण/ खतियान में दर्ज है। (शेष पेज 11 पर)

### राज्य विधानमंडल को यह शक्ति प्राप्त नहीं है

उन्होंने लिखा है कि राज्य विधानमंडल को यह शक्ति प्राप्त नहीं है। एवीएस नरसिम्हा राव एवं अन्य बनाम आंध्र प्रदेश एवं अन्य (एआईआर 1970 एससी 422) में भी स्पष्ट व्याख्या की गयी है कि नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्तें लगाने का अधिकार मात्र भारतीय संसद में ही निहित है। इस प्रकार यह विधेयक संविधान के प्रावधान तथा उच्चतम न्यायालय के आदेश के विपरीत है। झारखंड राज्य के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र हैं, जो पांचवीं अनुसूची के तहत आच्छादित होता है। उन क्षेत्रों में शत प्रतिशत स्थानीय व्यक्तियों को नियोजन में आरक्षण देने के विषय पर उच्चतम न्यायालय के संवैधानिक बेंच द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है। उक्त आदेश में भी उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में नियुक्तियों की शर्तें लगाने के राज्यपाल में निहित शक्तियों को भी संविधान की धारा 16 के विपरीत घोषित किया गया था। सत्यजीत कुमार बनाम झारखंड राज्य के मामले में भी पुनः सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में राज्य द्वारा दिये गए शत प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक घोषित किया गया था।

# एएसआइ के हमले में घायल ओड़िशा के मंत्री की मौत

## स्वास्थ्य मंत्री नबदास को नजदीक से मारी थी कई गोलियां

### पीएम समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अपने ही सुरक्षाकर्मी की गोली से घायल ओडिशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नब किशोर दास की रविवार को मौत हो गयी। अपोलो अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर शहर में रविवार को अपराह्न करीब एक बजे के आसपास उस समय हुई, जब दास एक बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे थे। एसडीपीओ गुप्तेश्वर भोई के अनुसार मंत्री की सुरक्षा में तैनात एक एएसआइ गोपाल दास ने मंत्री पर गोली चला दी थी। स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें बेबतर चिकित्सा के लिए अपोलो अस्पताल भुवनेश्वर एयरलिफ्ट किया गया था। लेकिन, तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और उन्होंने दम तोड़ दिया। मंत्री के निधन पर पीएम मोदी, प्रदेश के सीएम नवीन पटनायक ने गहरा दुख जताया है। सीएम ने कहा कि अपराध शाखा को मामले की जांच करने के निर्देश दिया गया हैं।



**आरोपी पुलिस के हवाले :** गोलीबारी की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी एएसआई को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के एक वीडियो में मंत्री दास अचेत नजर आ रहे हैं और उनके सीने से खून बह रहा है। वीडियो में स्थानीय लोग मंत्री को उठाकर कार की अगली सीट पर बैठाने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

### क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की

सीएम के निर्देश पर क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं। घटना की गहन जांच के बाद ही और जानकारियां सामने आ पाएंगी। सीएम श्री पटनायक ने मंत्री नाबा दास के दुर्भाग्यपूर्ण निधन पर शोक व्यक्त किया है। सीएमओ से जारी बयान में कहा गया कि वे सरकार और पार्टी दोनों के लिए एक संपत्ति थे। उनका निधन ओडिशा राज्य के लिए एक बड़ी क्षति है। सीएम श्री पटनायक अपने घायल मंत्री श्री दास से मिलने भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल भी पहुंचे थे। श्री दास बीजद के एक वरिष्ठ नेता थे। हाल ही में शनि मंदिर में 1.7 किलोग्राम का सोने का कलश चढ़ाने के बाद वह चर्चा में आये थे।

# सीएम ने अभियंता पर केस चलाने की दी मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रविवार को लातेहार के मनरेगा योजना में वित्तीय अनियमितता के आरोपित पदाधिकारी तत्कालीन कार्यपालक अभियंता कृष्ण बिहारी राम के विरुद्ध अभियोजन चलाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। उनके विरुद्ध लातेहार जिले के मनिका थाना में 12 अगस्त, 2010 को प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उल्लेखनीय है कि लातेहार जिले के मनिका थाना में 12 अगस्त, 2010 को दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधान के क्रम में कृष्ण बिहारी राम, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना 162/2007 -08 की प्राकल्लित राशि में अवैध तरीके से राशि की निकासी की गई। ऐसे में अभियुक्तों पर सरकारी पद का दुरुपयोग, आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से साजिश के तहत वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप गठित है। इस मामले में वादी श्रवण साय, परियोजना पदाधिकारी, लातेहार के आवेदन, औपचारिक प्राथमिकी, केस दैनिकी, गवाहों के बयान और पर्यवेक्षण टिप्पणी आलोक में प्राथमिक अभियुक्त के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोजन स्वीकृति का मामला बनता है।

**सीएम आज सरायकेला में जोहार यात्रा :** खितयानी जोहार यात्रा का पांचवां पड़ाव 30 जनवरी को सरायकेल में है। मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन इस यात्रा में शामिल होकर लोगों को संबोधित करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### भुवनेश्वर पहुंचने पर हेमंत का भव्य स्वागत



कलिंगा हॉकी स्टेडियम भुवनेश्वर में आयोजित 15वें हॉकी विश्व कप (पुरुष) फाइनल मैच के दौरान वहां उपस्थित रहने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार को ओड़िशा पहुंचे। फाइनल मुकाबला जर्मनी और बेल्जियम के बीच चल रहा है। मैच समाप्त होने के बाद विशेष विमान से रांची लौट आयेंगे। इससे पूर्व बीजू पटनायक एयरपोर्ट, भुवनेश्वर पहुंचने पर सीएम श्री सोरेन का जारदार स्वागत किया गया।

# कल से ऑपरेशनल हो जायेगा सोनारी एयरपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**रांची।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से भी विमान सेवा शुरू हो रही है। जमशदेपुर से 31 जनवरी 2023 मंगलवार से ही विमान सेवा शुरू हो रही है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उद्‌घाटन करेंगे। वह खतियानी जोहार यात्रा के समापन के लिए मंगलवार को जमशेदपुर में रहेंगे। डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने जमशेदपुर से हवाई सेवा शुरू करने की अनुमति दे दी है। कोलकाता के लिए 14 फरवरी तक और भुवनेश्वर के लिए 25 मार्च तक डीजीसीए ने उड़ान की अनुमति दी है। यात्रियों को विमान सेवा उपलब्ध कराने वाली इंडियावन एयर ने भी जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से विमान सेवा की शुरुआत की पुष्टि की है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर पहले ही टिकट की बुकिंग शुरू कर दी थी। कंपनी की ओर से बताया गया कि 9 सीटर विमान यहां से उड़ान भरेंगे। भुवनेश्वर से सेवा का उद्घाटन होगा। कंपनी की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित एयरपोर्ट से विमान सुबह 9 बजे उड़ान भरेगा और करीब दो घंटे बाद सुबह 10:50 बजे जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। सोनारी एयरपोर्ट से कोलकाता जाने वाला विमान सुबह 11:30 बजे उड़ान भरेगा और दोपहर 12:35 बजे कोलकाता पहुंच जायेगा। कोलकाता से दोपहर 13:25 बजे उड़ान भरकर विमान दोपहर 14:30 बजे जमशेदपुर पहुंच जायेगा। जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से दोपहर 15:10 बजे उड़ान भरने वाला विमान शाम 5:00 बजे आपको भुवनेश्वर पहुंचेगा। विमान का यह शेड्यूल सिर्फ 31 जनवरी 2023 के लिए है। देवघर और जमशेदपुर एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू होने के बाद राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का लोड कम हो जायेगा। दोनों एयरपोर्ट से इस साल सेवा शुरू हो जायेगा। बाबा नगरी देवघर में बनकर तैयार एयरपोर्ट से 17 फरवरी से विमान सेवा शुरू हो जायेगी।

### डीजीसीए ने दी अनुमति सीएम करेंगे उद्‌घाटन

## मन की बात : योग और मोटे अनाज को जीवन का हिस्सा बनायें : मोदी

# पद्म पुरस्कार विजेताओं के प्रेरक जीवन जानें और साझा करें

**नयी दिल्ली (हिस)।** पीएम मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में लोगों से अनुरोध किया कि वे इस बार के पद्म पुरस्कार विजेताओं के प्रेरक जीवन के बारे में विस्तार से जानें और इस जानकारी को दूसरों के साथ भी साझा करें। मोदी ने मन की बात के 97वें संस्करण में कहा कि जनजातीय समुदायों में काम करने वाले, उनसे जुड़ी चीजों के संरक्षण और शोध करने वाले, पारंपरिक वाद्य यंत्र की धुन बिखेरने वाले और नॉर्थ ईस्ट में अपनी संस्कृति के संरक्षण में लगे लोगों को इस बार प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों



से सम्मानित किया गया है। हम सबको इस पर गर्व होना चाहिए। मोदी ने कहा कि योग और सेहत के साथ अब मोटा अनाज भी लोगों के जीवन का हिस्सा बन रहा है और लोग इसे अपना प्रमुख आहार बना रहे हैं।

**लोकतंत्र की जननी है भारत :** मोदी ने भारत को लोकतंत्र की जननी बताया और कहा कि भारतीय समाज स्वभाव से ही एक लोकतांत्रिक समाज है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम भारतीयों को इस बात का गर्व भी है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी है। स्वभाव से ही हम एक लोकतांत्रिक समाज है। हमारे देश के इतिहास में लोकतांत्रिक मूल्यों का एक और उदाहरण है 12वीं सदी के भगवान बसवेश्वर का अनुभव मंडपम, यहां मुक्त चर्चा और विमर्श को प्रोत्साहन दिया जाता था। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि यह राजा जॉन द्वारा दिये गये राजनीतिक अधिकारों के रॉयल चार्टर (माग्ना कार्टा) से भी पहले की बात है। (शेष पेज 11 पर)

### जानुम सिंह सोय जैसे लोगों से देश परिचित



पीएम मोदी ने कहा कि टोटो, हो, कुइ, कुवी और मांडा जैसी जनजातीय भाषाओं पर काम करने वाले कई महानुभावों को पद्म पुरस्कार मिले हैं। धानीराम टोटो, जानुम सिंह सोय और बी रामकृष्ण रेड्डी के नाम से अब पूरा देश परिचित हो गया है। उन्होंने कहा, संतूर, बम्हुम, द्वितारा जैसे हमारे पारंपरिक वाद्ययंत्र की धुन बिखेरने में महारत गुलाम मोहम्मद जाज, मोआ सुपोंग, री सिंहबोर कुरका-लांग, मुनि वेंकटप्पा और मंगल कांति राय की चारों तरफ चर्चा हो रही है। सिद्धी, जारवा और ओंगे जैसी आदिम जनजाति के साथ काम करने वाले लोगों को भी इस बार सम्मानित किया गया है।

# बुढ़मू में टीपीसी से पुलिस की मुठभेड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के सुमो जंगल में रविवार की शाम रांची पुलिस और टीपीसी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। मौके से पुलिस ने सैकड़ों राउंड जिंदा कारतूस बरामद किया है। उग्रवादियों के खिलाफ जंगल में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी बुढ़मू थाना क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हुए हैं। इसके बाद पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम जैसे ही जंगल पहुंचे उग्रवादियों ने फायरिंग कर शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस के द्वारा भी जवाबी कार्रवाई की गई और पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

# 26 जनवरी गणतंत्र दिवस

## के शुभ अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

बालूमाथ पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर।



**अजीत कुमार**
एसडीपीओ बालूमाथ



**शशि रंजन कुमार**
सर्किल इंस्पेक्टर बालूमाथ



**प्रशांत प्रसाद**
थाना प्रभारी बालूमाथ



**मो. मोज्जमील**
एमआर मिनरल संचालक
सह समाजसेवी



आईये हमसभी मिलकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हांथो को मजबूत करें व देश के विकास में सहभागी बने।

**राजेन्द्र प्रसाद साहू**
पूर्व जिप उपाध्यक्ष सह
भाजपा नेता बालूमाथ



आईये हमसभी मिलकर हांथो को मजबूत करें व J.M.M माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के झारखंड के विकास में सहभागी बने।





**एश्वर्य उरांव**
झामुमो प्रखंड अध्यक्ष



**राजेश यादव**
झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष



हाथ से हाथ मिलायेंगे
हर घर तिरंगा लहरायेंगे
गर्व से हम
गणतंत्र दिवस मनायेंगे।

**मोनी कुमारी**
बालूमाथ



**सुश्री ललीता बाखला**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
बालूमाथ



**अनिल कुमार सिंह**
परियोजना पदाधिकारी
तेतरियाखांड़ कोल परियोजना



**निपेन्द्र नाथ**
मगध परियोजना
पदाधिकारी



**बबन सिंह**
समाजसेवी



**अप्पू कुमार**
युवा व्यवसायी
बालूमाथ



**चेतलाल रामदास**
युवा भाजपा नेता सह
जिला सह संयोजक
धर्म जागरण मंच लातेहार

**26 जनवरी गणतंत्र दिवस**
के शुभ अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**मुखिया संघ**

## स्पीड न्यूज

### आरएसएस ने कराया हिन्दू सम्मेलन




**हुसैनाबाद पलामू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जपला ग्रामीण खण्ड के पथरा मंडल ने थाना क्षेत्र के झरगड़ा गायत्री मैदान हिंदू एकत्रीकरण सम्मेलन किया। कार्यक्रम के बतौर अतिथि विभाग सह कार्यवाह शशि उपस्थित थे। शशि ने उपस्थित स्वयंसेवकों को भारत की गौरवशाली इतिहास बताया। साथ ही विलुप्त होते हिंदू समाज को जगने सजग रहने को कहा गया। रविवार इससे पूर्व शाखा लगाया गया,एकल गीत भारत माता पूजन फिर श्री राम खिचड़ी प्रसाद व अन्य कार्यक्रम किया गया जिसमें दर्जनों से ज्यादा स्वयंसेवक शामिल थे।

### बैठक में पंससों ने गिनायी समस्याएं



**पाटन पलामू।** पंचायत समिति की मासिक बैठक प्रखंड सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता पाटन प्रमुख शोभा देवी ने की तथा संचालन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी ने किया। बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्य एवं पाटन प्रखंड के सभी कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी विभागों में चल रहे योजनाओं की जानकारी ली। बैठक में सिरमा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य धर्मेन्द्र दुबे ने अपने पंचायत में आंगन बाड़ी केन्द्र नहीं चलने, पाल्हे पंचायत समिति के प्रतिनिधि गौतम सिंह ने पाल्हे तथा बसदह में आंगन बाड़ी केन्द्र नहीं चलने का आरोप लगाया। बैठक में उप प्रमुख अमरेश वर्मा, शक्ति शंकर प्रसाद, पाटन बीपीओ निर्मल ठाकुर, रोजगार सेवक दिनेश कुमार, श्रीकांत सिंह, शुभम कुमार, संजय आदि उपस्थित थे।

### संवैधानिक अधिकारों से समझौता नहीं : तिग्गा



**जमशेदपुर/ चाईबासा।** जिला अल्पसंख्यक शिक्षक एवं शिक्षकेतर संघ का सम्मेलन स्थानीय एसपीजी मिशन गर्ल्स हाई स्कूल में रविवार को संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी संघ के महासचिव एंथोनी तिग्गा ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों के तहत भाषाई एवं धार्मिक अल्पसंख्यक विद्यालयों का संचालन हो रहा है और इससे समझौता नहीं किया जा सकता है। उनके अनुसार सरकारी नियमों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए परंतु हमें अधिकारों का पूरा ज्ञान और उसका कार्यान्वयन जरूरी है तभी सरकार पर उचित दबाव बनता है।

### संजय डुंगडुंग अध्यक्ष, विजय बने सचिव

**जमशेदपुर/चाईबासा।** जिला अल्पसंख्यक शिक्षक एवं शिक्षकेतर संघ का नया अध्यक्ष संजय डुंगडुंग एवं सचिव विजय कुमार पात्र को चुना गया। स्थानीय एसपीजी गर्ल्स हाई स्कूल में आयोजित जिला सम्मेलन में सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया में दो पैनल का प्रस्ताव केंद्रीय कमेटी के समक्ष रखा गया किंतु सभी पदों पर परस्पर सहमति बन गई और अगले तीन साल के लिए कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया। संत अगस्तिन उच्च विद्यालय मनोहरपुर के प्रधानाध्यापक संजय डुंगडुंग अध्यक्ष, संत जेवियर्स बालिका उच्च विद्यालय चाईबासा की प्रधानाध्यापिका सिस्टर नीलिमा एवं उर्दू टाउन उच्च विद्यालय चक्रधरपुर के सहायक शिक्षक मो केसरूजमा उपाध्यक्ष, सेंट जेवियर्स उच्च विद्यालय लुपंगुटू के सहायक शिक्षक विजय कुमार पात्र सचिव, उर्दू टाउन उच्च विद्यालय चक्रधरपुर के प्रधानाध्यापक मो हसनैन आलम संयुक्त सचिव, संत जेवियर्स उच्च विद्यालय लुपंगुटू के लिपिक तिमोथी दास कोषाध्यक्ष, संत तेरेसा बालिका उच्च विद्यालय के सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम महतो राज्य प्रतिनिधि तथा पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद एवं पूर्व सचिव लक्ष्मी नारायण मिश्रा सलाहकार के रूप में चुने गये।

### रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने निकाली आकर्षक झांकियां



**विश्रामपुर पलामू।** रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल की ओर से सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन के मौके पर आकर्षक झांकियां निकाली गई। जिसमें राम दरबार, काली मां, राधा कृष्ण, मां सरस्वती व भगवान शंकर की झांकियां निकाली गई। जुलूस को आकर्षक बनाने में स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय, निदेशक सुनीता देवी, शिक्षक/शिक्षिका सोफिया, करुणा, मानसी, निधि, रिया, जिया, ज्योति, आशीष, हिमांशु आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर विद्यालय के छात्र को पूजा समिति के पदों की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। जिसमें अध्यक्ष अफसाना, सचिव मिंटू, कोषाध्यक्ष नाजिया सहित विद्यालय में अध्ययनरत 600 विद्यार्थी शामिल थे।

### नौडीहा बाजार : कम उम्र वाले भी ले रहे पेंशन

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के शाहपुर पंचायत के निवासी बच्चन राम पिता स्व पुरन राम और उनकी पत्नी कलावती देवी शाहपुर पंचायत के वर्ष 2009 में दोनों पति –पत्नी ने फर्जी प्रमाण पत्र बनवा कर सरकार से लगातार वृद्धा पेंशन का लाभ उठा रहे है। उसी गावं के डोमन राम ने उपायुक्त पलामू आवेदन देकर जांच की मांग कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जब दोनों पति पत्नी के वृद्धा पेंशन स्वीकृत हुआ था उस समय उनकी उम्र 59 वर्ष बताया जा रहा है। इस मामले में बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि जिस समय वृद्धा पेंशन स्वीकृत किया उनकी उम्र 60 वर्ष पूरा हो चुका था। दोनों दंपति की पेंशन वर्ष 2016 में किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों के पूर्व मे जमीनी विवाद को लेकर वाद विवाद चल रहा है।

### वाहन जांच में हथियार संग युवक धराया

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के आर्म्स एक्ट अंतर्गत प्राथमिकी अभियुक्त रामदुलारे विश्वकर्मा पिता अवधेश विश्वकर्मा पता महूपी थाना गढ़वा जिला गढ़वा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त टेंपो चलाने का कार्य करता है। अभियुक्त सीएनजी भराने हेतु मेदिनीनगर आ रहा था। उस समय पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान अमानत पुल सिंगरा काला के पास एक देसी कट्टा के साथ पकड़ा गया। अभियुक्त हथियार दिखाकर टेंपो यात्री से लूट करता था। मौके पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि इस कार्रवाई में एसआई रमता वाक्य का सराहनीय योगदान रहा। प्रभारी ने कहा कि कोई भी गलत काम करने वाले सदर थाना क्षेत्र में बक्से नहीं जाएंगे। मौके पर सदर थाना पुलिस शामिल थे।

# कार्यकर्ता आमलोगों से सीधा संवाद कर केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ें : डॉ ईश्वरसागर

■ आरसीआईटी के सभागार में भाजपा का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यशाला में मौजूद भाजपा नेता।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर के आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में भाजपा द्वारा एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश,जिला व मंडल कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुये.बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया।

मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओ को कई टिप्स दिया। कहा कि कार्यकर्ता आम लोगो से सीधा संवाद स्थापित करे। मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से लोगो को जोड़े। भाजपा के नीति-सिद्धांत से लोगो को अवगत कराये। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनने हेतु सभी नेता-कार्यकर्त्ता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम के आवास पर जमा हुये थे। सभी ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनी। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, वरीय भाजपा नेता, रवींद्रनाथ उपाध्याय, इदरीश हवारी, सुनील कुमार चौधरी, कृष्णा गुप्ता, संतोष राम, अनुज चौधरी, किरण शर्मा, अर्चना देवी सहित भाजपा के कई नेता-कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# मौसम की सुरक्षा गृह से और पौधों से ही होती है जीवन की सुरक्षा : कौशल

■ पर्यावरणविद ने गृह प्रवेश पर पर्यावरण धर्म के तहत पौधारोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** लातेहार जिले के हेरंहज प्रखंड के ग्राम घूरे में संतोष कुमार जायसवाल के गृह प्रवेश में शामिल विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाकर उन्हें पौधों की तरह फलने फूलने की मंगल कामना की। मौके पर उपस्थित लोगों को श्री कौशल ने पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते हुए कहा कि लोगों को जीवन में बरसा, ठंडी, और धूप से बचने के लिए गृह का निर्माण जरूरी है। ठीक उसी तरह जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पौधा लगाकर उसे बचाना जरूरी है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म का 8 मूल ज्ञान मंत्र में पहला मूल मंत्र जन्मदिन या जीवन का कोई भी शुभ कार्य व श्राद्ध पर पौधा लगाकर उसके बच्चे की तरह बचाने का विधान है। कहा कि यदि लोगों की संख्या और घरों की संख्या बढ़े तो स्वस्थ रहने के लिए वृक्षों की संख्या अवश्य बढ़नी चाहिए। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि गृह निर्माण के साथ ही घर के चारों ओर और छत पर पौधा लगाने से घर में एसी लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# मुख्यमंत्री आज सरायकेला और कल टाटा में करेंगे रैली

■ 31 को टाटा-कोलकाता-टाटा और टाटा-भुवनेश्वर-टाटा विमान सेवा का करेंगे शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



सीएम के आगमन की पूर्व संध्या पर स्थल निरीक्षण करते सरायकेला के डीसी अरवा राजकमल।

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खतियानी जोहार यात्रा के क्रम में दो दिवसीय दौरे पर सरायकेला और जमशेदपुर पहुंच रहे हैं। दोनों जिलों के प्रशासन ने मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारी को अंतिम रुप दे दिया है। मुख्यमंत्री अपनी जोहार यात्रा के क्रम में करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दोनों जिलों में रहने वाले नागरिकों को देंगे।

प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दोपहर 12:30 बजे काशी साहू कॉलेज मैदान, सरायकेला स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे और वहां से 1:15 बजे भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम सरायकेला पहुंचेंगे और वहां आयोजित कार्यक्रम में अपराहन 3 बजे तक रहेंग। उसके बाद वह सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे और शाम 6 बजे वे जमशेदपुर परिसदन पहुंचेंगे जहां उनका रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है। वे रात्रि में औचक निरीक्षण सह भ्रमण पर भी निकल सकते हैं।

31 जनवरी को मुख्यमंत्री का जमशेदपुर में व्यस्त कार्यक्रम है। सुबह 9:45 बजे परिसदन से सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां वे जमशेदपुर-भुवनेश्वर-जमशेदपुर और जमशेदपुर-कोलकाता-जमशेदपुर के बीच हवाई सेवा का शुभारंभ करेंगे। वहां से ही दिन के 11 बजे मुख्यमंत्री जुगसलाई ओवरब्रिज पहुंचेंगे और नवनिर्मित ओवरब्रिज का लोकार्पण करेंगे। ओवर ब्रिज का उद्घाटन करने के पश्चात मुख्यमंत्री डीबीएमएस स्कूल कदमा पहुंचेंगे जहां सरायकेला-खरसावां एवं पूर्वी सिंहभूम जिले की संयुक्त समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट: चिनिया ने कांडी स्कूली टीम को 2-0 पराजित किया

>> वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के अजनवन फुटबॉल ग्राउंड में वीर भगत सिंह फुटबॉल टूनार्मेंट का रविवार को शानदार आगाज हुआ। उदघाटन के मौके पर पहली बार लड़कियों का प्रदर्शनी मैच गढ़वा जिले के चिनिया और कांडी स्कूली टीम के बीच खेला गया।

इसमें अपेक्षाकृत मजबूत चिनिया की लड़कियों ने कांडी पर 2- 0 के अंतर से आसान जीत हासिल की। दोनों हाफ में विजेता टीम ने एक, एक मैदानी गोल दागे। इसके पूर्व मुख्य अतिथि सह केंद्रीय खाद्य आपूर्ति और श्रम मंत्रालय सलाहकार समिति के सदस्य और रहनबिगहा निवासी रामाशीष यादव,विशिष्ट अतिथि में पुलिस इंस्पेक्टर अजय कुमार, जिप सदस्य अरविंद सिंह, पूर्व विस प्रत्याशी नरेश सिंह, मुखिया कमला देवी सहित टूनार्मेंट आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने फीता काटकर उदघाटन किया। इंस्पेक्टर अजय कुमार ने लड़कियों को जीवन के हर क्षेत्र में अवसर देने की देश की प्रगति के लिए जरूरी बताया। मौके पर टूर्नामेंट कमिटी के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष रामअशेष पाल, सचिव बैजनाथ राम, मीडिया प्रभारी अमित चौधरी के अलावा वरीय समाजसेवी कृष्णा पाल, शिक्षक मनोहर पासवान, विजय यादव, सहायक अध्यापक विनोद पाल, विनय चंद्रवंशी, उदघोषक सह शिक्षक पंकज कुमार व अखिलेश राम, रेफरी रामपरीखा मेहता और लाइंसमैन समेत दर्शक शामिल थे।

## सूर्यधाम में रामकथा 22 से, घर-घर जाकर निमंत्रण दे रहे हैं पूर्व सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो



एक धर्मप्रेमी के यहां सहयोग राशि की रसीद काटते पूर्व सीएम रघुवर।

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति द्वारा आयोजित होने वाले संगीतमय राम कथा जो सुर्य धाम में स्थित श्री राम मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस पर फरवरी 22 से 28 तक आयोजित होगा। उसके निमित्त आज सिद्गोड़ा में सभी धर्म प्रेमियों के घर जाकर सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रघुवर दास ने आमंत्रण पत्र दिया एवं उनसे सहयोग राशि भी प्राप्त की। इस अभियान में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, संजीव सिंह, कमलेश सिंह, संतोष ठाकुर, प्रमोद मिश्रा, कुमार अभिषेक, बारीडीह महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूपा जी, मीरा जी एवं काफी संख्या में मंदिर समिति से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

## पीजीएल सहोदया की टीम ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पीजीएल सहोदया की टीम ने पलामू उपायुक्त ए दोडे से शिष्टाचार मुलाकात किया। सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से उपायुक्त को बुके प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। मौके पर सदस्यों ने उपायुक्त को बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने हेतु पीजीएस सहोदया का गठन हुआ है जिसमें वर्तमान में कुल 36 स्कूल सदस्य है। साथ ही स्कूलों से संबंधित विभिन्न मुद्दों को उपायुक्त के साथ साझा किया। मौके पर उपायुक्त द्वारा प्रदत्त आशीर्वाद से सभी ने एक नई ऊर्जा का अनुभव किया। मौके पर पीजीएल सहोदया अध्यक्ष सह डीएवी स्कूल के प्राचार्य जीएन खान, महसचिव सहोदया सह प्राचार्य रोटरी स्कूल (आनंद शंकर) चैनपुर अश्लेष पांडेय , आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला के प्राचार्य संजय खन्ना, संयुक्त सचिव सह प्राचार्य ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल के राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है आरएसएस : नवीन



**छतरपुर पलामू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा छतरपुर खंड के खाटीन ग्राम में मंडल सम्मेलन किया गया। जिसमें चार पंचायत छतरपुर, मसीहानी, बारा, कचनपुर के स्वयंसेवक एवं ग्रामीण उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद पन्नू यादव उपस्थित हुए। सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं परिचय खंड कार्यवाह चंदन ने कराया। बौद्धिककर्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख नवीन कुमार सहाय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है। मंडल सम्मेलन में सह खंड कार्यवाह पप्पू, बजरंग दल के सोनू एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं समाज के लोग,महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

### आरएसएस ने किया मंडल सम्मेलन का आयोजन

**मनातू पलामू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा मनातु मंडल के डुमरी गाँव में मंडल सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में हिन्दू समाज के बीच छुआछूत, नशामुक्ति, शिक्षा, पर्यावरण, समाजिक समरसता तथा अपने हिन्दू समाज को जागरूक कैसे करें इस पर चर्चा की गई। बच्चों के बीच खेल, योगासन, गीत तथा मां भारती के आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

### धोबी समाज का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न



**जमशेदपुर।** धोबी समाज का वार्षिक मिलन समारोह समाज के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में सी पी समिति सभागार केबुल बस्ती में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सांसद विद्युतवरण महतो,भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार और खेमलाल चौधरी ने संत गाडगे और बाबा भीमराव अंबेडकर के समीप दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विद्युतवरण महतो ने कहां की सामाजिक एकजुटता मायने रखता है और सामाजिक जागृति बहुत महत्वपूर्ण है। किसी भी समाज को आगे बढ़ाने में समाज के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहां की धोबी समाज जागरूक समाज है, समाज को एकजुट करने के साथ पदाधिकारियों को चाहिए कि बच्चों के बीच शिक्षा के महत्व और कैरियर काउंसलिंग जैसे सेमिनार का भी आयोजन लगातार होता रहे। खेमलाल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हम अपनी पहचान को तभी सुरक्षित रख सकते है जब हम अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाए रखे। आज के वर्तमान युग में ये सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। समाज के द्वारा शैक्षणिक माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों को सांसद एवं अन्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया।

## बाढ़ ने निगल लिया था अनीता का घर, नीरज सिंह ने बनवाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पिछले वर्ष स्वर्णरिखा नदी में आए बाढ़ में मानगो शांति नगर निवासी अनीता देवी का घर बाढ़ के तेज बहाव में बह गया था जिसके बाद परिवार के लोगों के पास सर छुपाने को कोई आशियाना नही बचा था। अनीता देवी के परिवार के लोग किसी तरह से रहने को मजबूर थे। मानगो मंडल के लोगों द्वारा इसकी सूचना भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह को दी गई। नीरज सिंह ने अनीता देवी के प्लॉट का दौरा कर परिवार के लोगों से मिलकर उन्हें घर बना कर देने का वादा किया था। आज घर बन कर पूरा होने के बाद इनके परिवार के लोगों के साथ गृह प्रवेश पूजन में नीरज सिंह शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

नया घर पाकर अनीता देवी खुशी सराबोर थीं।

### मारवाड़ी सम्मेलन चुनाव हेतु संचालन समिति में ग्रामीण क्षेत्र के दो लोग शामिल

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद (2022-24) हेतु आगामी सात फरवरी मंगलवार को होने वाले चुनाव को लेकर 13 सदस्यीय मतदान संचालन समिति बनायी गयी हैं। प्रत्याशियों की मांग पर ग्रामीण क्षेत्र से दो लोग क्रमशः आनन्द अग्रवाल घाटशिला और सज्जन खेमका जादूगोड़ा को संचालन समिति में शामिल किया गया हैं। पहले 11 लोगों की समिति बनायी गयी थी। 13 सदस्यीय संचालन समिति में मनीषा संघी, कविता अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल भी हैं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से बढ़ता है भाईचारा: प्रमुख



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के चपरना गांव में रविवार को तूफान मजदूर किसान कमेटी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि के पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख रिमादेवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, संजय यादव, उमेश यादव, संजय तूरी और आशीष कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर की। प्रमुख रीमा देवी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। इस प्रकार का आयोजन होते रहना चाहिए।

# छतरपुर : विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जुटे भाजपा के समर्थक

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर पलामू।** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चराई पंचायत के कुटिया परिसर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी और भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार, भाजपा जिला महामंत्री श्याम बाबू , डाटा प्रबंधन के संयोयक नवेंदु मिश्रा ने उदघाटन किया। ज्ञात हो की पार्टी के द्वारा बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओ के पूरी डाटा केंद्रीय कार्यालय में पहुंचे। जो सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी पूरी डाटा उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में डाटा प्रबंधन एव उपयोग करने विधि विस्तार से बताया गया जो अपने बूथ स्तर के लोगों को जोड़ सके। श्री कुमार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को सोशल मीडिया से पूरी डे जिनेशन जमा कराया जा रहा है । आने वाले समय में सभी लोग मोबाइल के सरल ऐप से जुड़ कर अपनी डाटा अपलोड कर लें। वही विधायक पुष्पा देवी ने सभी कार्यकर्ताओ को हौसला बढ़ाते हुए पार्टी के द्वारा जो यह कार्य कराया जा रहा है । सभी लोग इसे गंभीरता से लेकर करेंगे। सभी मंडल अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखते हुए कार्य को संपन्न कराने का भरोसा दिलाया।

# हुसैनाबाद : पति के हाथों दहेज की बली चढ़ी हुसैनाबाद की बेटी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** दहेज के लालची पति ने अपनी पत्नी को प्रताड़ित कर हत्या कर दिया। हालांकि यह घटना दिल्ली में घटी हैं। इस घटना को लेकर मृतिका के चचेरा भाई ने गौतमबुद्ध नगर में शिकायत दर्ज कराया हैं। उन्होंने कहा है कि मेरे चाचा की लड़की अंजली कुमारी,जिसकी शादी वर्ष 2019 में विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम गौरा के निवासी उपेंद्र कुमार पिता रघुराई बैठा से हुई थी।

उपेंद्र कुमार सीआईएसफ फोर्स दिल्ली में कार्यरत हैं और अपनी पत्नी को दिल्ली में ही रखते थे। पत्नी अंजली कुमारी के साथ अत्यंत ही क्रूरता व्यवहार तथा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते रहते थे तथा उसकी हत्या कर फांसी पर लटका दिया। 22 जनवरी की शाम 5 बजे घरवालो से सूचना प्राप्त हुआ तब हमलोग 23 जनवरी को दिल्ली गौतमबुद्ध नगर थाना में शिकायत किया जिसके बाद 24 जनवरी को उसका अंतिम संस्कार बिश्रामपुर के गौरा में किया गया।

### बैठा समाज ने की कार्रवाई की मांग



लड़की हुसैनाबाद थाना क्षेत्र की ग्राम गांव खाप की बेटी थी लिहाजा हुसैनाबाद बैठा समाज में आक्रोश हैं । इसे लेकर सामाजिक बैठक कर दहेज के लोभियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की मांग किया गया हैं । इस सबन्ध में कृष्णा बैठा ने कहा कि इस तरह अपने समाज के बेटियो को दहेज की बलि चढ़ते नही देख सकता हूं वैसे लोगो को सामाजिक और कानूनी दोनो दण्ड मिलना चाहिए ।और हत्यारा को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। निन्दा करने वाले में प्रमोद कुमार रजक, जनेश्वर बैठा, शशि कुमार रजक ,जगदीश बैठा ,सुनील रजक ,संजय बैठा, रेखा कुमारी ,कलावती देवी ,संगीता देवी ,प्रियंका देवी ,श्रवण बैठा, बबलु रजक ,जयश्री बैठा ,रामनाथ बैठा ,मुरारी बैठा एवं अन्य लोग शामिल हैं।

# अमेरिका में छटनी

यअमेरिका में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी कंपनियों में हाल में हुई छंटनी के बाद बेरोजगार हो चुके आईटी क्षेत्र के हजारों भारतीय पेशेवर अब इस देश में रहने के लिए अपने कामकाजी वीजा के तहत निर्धारित अवधि के भीतर नया रोजगार पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। द वॉशिंगटन पोस्ट' के मुताबिक पिछले वर्ष नवंबर से आईटी क्षेत्र के करीब दो लाख कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है। इनमें रिकॉर्ड संख्या में कटौती करने वाली कंपनियों में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फेसबुक और अमेजन हैं। सूत्रों ने बताया कि नौकरियों से निकाले गए लोगों में से 30 से 40 फीसदी भारतीय आईटी पेशेवर हैं। इनमें बड़ी संख्या एच-1बी या एल1 वीजा पर यहां आए लोगों की है। अब ये लोग अमेरिका में बने रहने के लिए विकल्प की खोज में हैं। अमेजन में काम करने के लिए गीता (नाम परिवर्तित) महज तीन महीने पहले यहां आई थीं। इस सप्ताह उन्हें बताया गया कि 20 मार्च उनके कार्यकाल का अंतिम दिन होगा। एच-1बी वीजा पर अमेरिका आई एक अन्य आईटी पेशेवर को माइक्रोसॉफ्ट ने 18 जनवरी को बाहर का रास्ता दिखा दिया। जो लोग एच-1बी वीजा पर यहां आए हैं, उनके लिए तो स्थिति और भी विकट है, क्योंकि उन्हें 60 दिन के भीतर नयी नौकरी ढूंढ़नी होगी या फिर भारत लौटना होगा। सिलिकॉन वैली में उद्यमी और सामुदायिक नेता अजय जैन भूतोड़िया ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र के हजारों कर्मचारियों को नौकरियों से निकाला जा रहा है, विशेषकर एच-1बी वीजा पर आए लोगों के लिए तो चुनौतियां और भी बड़ी हैं। अमेरिका में आई आर्थिक कठिनाई और महंगाई को लेकर अमेरिकी कंपनियां विशेषकर विदेशियों की छटनी कर रही है।

# किसकी गलती

अगर देश की काम करने वाली कुल आबादी में केवल 38 प्रतिशत लोग रोजगार में लगे हैं और केवल 3 प्रतिशत काम करना चाहते हैं मगर आजीविका का कोई साधन नहीं खोज पाते हैं (कार्य करने लायक आबादी के प्रतिशत के रूप में बेरोजगार) तो यह माना जा सकता है कि काम करने लायक आबादी में 59 प्रतिशत लोग काम करना नहीं चाहते हैं। भारत तभी एक संपन्न देश बन पाएगा जब वह 3 प्रतिशत लोगों के लिए रोजगार खोजेगा साथ ही शेष बची 59 प्रतिशत आबादी के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित करेगा। रोजगार दर का वैश्विक मानक प्राप्त करने के लिए भारत को 18.75 करोड़ और लोगों को रोजगार देना होगा। इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण है 7.9 प्रतिशत बेरोजगारी दर में शुमार लोगों को तत्काल रोजगार मुहैया कराना। दिसंबर 2021 में ऐसे लोगों की तादाद 3.5 करोड़ थी। उन लोगों के पास रोजगार नहीं था और वे पूरी सक्रियता से रोजगार की तलाश कर रहे थे। करीब 1.7 करोड़ लोग ऐसे थे जिनके पास रोजगार नहीं था और वे रोजगार मिलने पर इससे जुड़ने की इच्छा रखते हैं मगर वे सक्रियता से रोजगार की तलाश नहीं कर रहे थे। सक्रियता से रोजगार की तलाश करने वाले 3.5 करोड़ लोग उन 1.7 करोड़ लोगों से अलग हैं जो काम करने को इच्छुक हैं मगर रोजगार के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं करने की बात भी स्वीकार करते हैं। दिसंबर 2021 में सक्रिय रूप से रोजगार खोज रहे 3.5 करोड़ बेरोजगार लोगों में 23 प्रतिशत महिलाएं थीं। सक्रियता से रोजगार की तलाश नहीं कर रहे 1.7 करोड़ लोगों में 53 प्रतिशत महिलाएं थीं। कुल मिलाकर 80 लाख महिलाएं सक्रिय होकर रोजगार की तलाश कर रही थीं जबकि इससे अधिक 90 लाख काम तो करना चाहती थीं मगर गंभीरता से रोजगार नहीं ढूंढ़ रही थीं।

# सांस्कृतिक मूल्यों पर चोट एक षडयंत्र





-संजय कुमार आजाद

> इस पवित्र भूमि को माता मानता है उसके लिए द्विराष्ट्र या उपमहाद्वीप जैसी भाषा एक चुनौती है। उनके अंतरआत्मा पर कुठाराघात है। क्योंकि ऐसे राष्ट्रवादीयों के लिए-ह्य माता भूमि: पुत्रो अहं पृथिव्या: (अथर्ववेद 12.1.12) का भाव है। राष्ट्र और राष्ट्र में संजात जन- जन का पारस्परिक रिश्ता माता-पुत्र का है। सनातनी द्रष्टाओं की दृष्टि में राष्ट्र गुण केन्द्रित था।भारत का वेदजन्य राष्ट्र नर केंद्रित न होकर सृष्टि

**यह** वर्ग कितनी चालाकी से प्रारंभिक दौर में अनेक समूहों की विवेचना करते-करते, अंत में वह दो समूह पर इसे स्थापित करने की कुचेष्टा करते हैं। वह दो समूह एक हिंदू और दूसरा मुस्लिम है। यानी इस समूह के वितंडावादियों का बहुराष्ट्र की अवधारणा अंत में द्विराष्ट्र पर आकार रुक जाती है। इसी द्विराष्ट्र सिद्धान्त के आधार पर अंग्रेजों ने ऐसे अराजक तत्वों के साथ मिलकर 15 अगस्त 1947 को भारत का विभाजन कर अपनी कुटिलता को साकार किया।

बँटवारा होने के बावजूद स्वतंत्र भारत में एक ऐसी विचारधारा को स्वीकार किया जाता है जिसका नाम है- सेकुलरिज्म। पश्चिमी देशों में सेकुलरिज्म का अर्थ अलग है किंतु भारत में इसका अर्थ है- भारत की सांस्कृतिक परंपरा और आक्रमणकारियों के माध्यम से आई हुई विदेशी सांस्कृतिक परंपरा दोनों ही समान स्तर पर है। यह दोनों परंपरा जब मिलती है तब भारत की पहचान बनती है, इसीलिए यहां की मिली-जुली संस्कृति गंगा यमुना तहजीब की पहचान आदि-आदि बातें चली।

15 अगस्त 1947 को अंग्रेजी सल्तनत से सत्ता हस्तांतरण के बाद भी इस वितण्डावाद से भारत को छुटकारा नहीं मिला। बल्कि उससे भी भयावह स्थिति का सामना भारत राष्ट्र को करना पड़ा। और इस तरह का अपप्रचार के लिए सता के सहयोग से चीन-रूस नियंत्रित वामपंथीयों ने भरपूर किया। भारत की विचार प्रवाह में एक कलुषित धारा जो अंग्रेजों और साम्यवादियों कि मिश्रित धारा है को और भी परिष्कृत कर, भारतीय चेतना को कुंठित किया गया। अपने जन्म काल से ही यह समूह भारत की संस्कृति पर कुठाराघात करता आया है, जो बदस्तूर आज भी जारी है।

इसी वामपंथी समूह के एक तथाकथित विचारक थे गंगाधर धर्माधिकारी उनका मानना था- कि- भारत एक बहू-राष्ट्र है। उन्होंने भाषा के आधार पर भारत को 17 राष्ट्र में विभक्त माना था। नेहरू- जिन्ना की जिद के दायरे में भारत विभाजन की त्रासदी हिंदुओं ने झेला, इस विभाजन के पूर्व द्विराष्ट्र सिद्धांत का प्रमुख पैरोकार कोई था तो वह इसी वामपंथी समूह का राजनीतिक नेतृत्व रहा था। हालांकि उस वक्त के राजनीतिक दल कांग्रेस ने विभाजन को तो स्वीकार किया था किंतु द्विराष्ट्र सिद्धांत को उसने स्वीकार नहीं किया था। चुकी कांग्रेस अपने जन्म 28 दिसम्बर 1885 काल से ही द्वंद में जीता रहा है। इसके कार्य अलग होते हैं। इसका सिद्धान्त अलग है। कांग्रेस जो मानता है उसे स्वीकार नहीं करता और जो स्वीकार करता उसे मानता ही नहीं है । इसी द्वंद में वह आज भी अपनी नैया पार करने की जद्दोजहद में है। किंतु कम्युनिस्ट पार्टी इस द्विराष्ट्र का प्रबल समर्थक था। यह समूह आज भी राष्ट्र कि अवधारणा को नकारते हुए भाषा, मत, पंथ, जाति जैसे लोकतंत्र विरोधी वैशाखी के सहारे समाज को बाँटने का वैचारिक व हिंसक दोनों रास्ते पर निर्लज्जता से आगे बढ़ समानता कि बात करता है।

पश्चिमी देशों में जो राज्यों का अभ्युदय हुआ उसे बहुत बड़ा हाथ है भाषा का। वहां भाषा के आधार पर राज्यों का गठन हुआ है। भारत में एक ऐसा जमात सदा सक्रिय रहा, जो पश्चिमी अवधारणा की तरह भाषाओं के आधार पर राज्यों का सृजन हो। कम्युनिस्ट इसी अवधारणा का प्रबल समर्थक था। इसीलिए वह भारत को बहू राष्ट्र के चश्मे से देखता व प्रोपेगेंडा फैला अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करता आया है। मजहब के आधार पर हो या भाषा के आधार पर हो भ्रमितबौद्धिक क्षेत्र के आधार पर हो, जाति के आधार पर हो, आपको इसके पीछे इन्हीं वामपंथी समूहो का दबाव काम करता है। इ अपनी विष से युवा वर्ग को भ्रमित कर रहा है।जो आज भी बदस्तूर जारी है। वाम पंथी अतिवादियों के पीछे उसी गंगाधर धर्माधिकारी का बहुराष्ट्र सिद्धांत काम करता है।

यह द्विराष्ट्र का जिन्न आज भी भारत में इन वामपंथियों की शह पर जिंदा है। उपमहाद्वीप का कपोलकल्पित कल्पना इन समूहों में आज भी जिंदा है कि भारत में एकात्मक राष्ट्र नहीं, द्विराष्ट्र है ऐसे शक्तियां सतत्त कार्य कर रही है। इन शक्तियों के पीछे वैश्विक सेमेटिक विचार समूहों एवं इस समूह के विषधरों को पुरस्कृत कर भारत की, राष्ट्र की प्राचीन अवधारणा को, खंडित करने का कुचक्र अनवरत चल रहा है। इन सिमेटिक मतों को अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए हर हाल में भारतीय चिंतन यानि सनातन चिंतन, सनातन संस्कार व सांस्कृतिक एवं सनातनी विचार प्रवाह को कठघरे में खड़ा करना हैं। इसके लिए यह वैश्विक जमात कुछ सनातनी रूपी भाड़े के टटूओं के सहारे इस दिशा में आगे बढ़ने का असफल प्रयास करता भी दिख रहा है।

जो इस पवित्र भूमि को माता मानता है उसके लिए द्विराष्ट्र या उपमहाद्वीप जैसी भाषा एक चुनौती है। उनके अंतरआत्मा पर कुठाराघात है। क्योंकि ऐसे राष्ट्रवादीयों के लिए-ह्य माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः (अथर्ववेद 12.1.12) का भाव है। राष्ट्र और राष्ट्र में संजात जन- जन का पारस्परिक रिश्ता माता-पुत्र का है। सनातनी द्रष्टाओं की दृष्टि में राष्ट्र गुण केन्द्रित था।भारत का वेदजन्य राष्ट्र नर केंद्रित न होकर सृष्टि केंद्रित रहा है। एकात्मक राष्ट्र की सनतनियों की,अवधारणा राष्ट्रवादियो की आत्मा में है।

पश्चिमी साहित्य में राष्ट्र का अंग्रेजी के लिए नेशन शब्द है यह नेशन शब्द राष्ट्र से अलग है। पश्चिमी के नेशन शब्द राजनीतिक अराजकता को रोकने के लिए इस शब्द का प्रयोग किया था। नेशन से अलग राष्ट्र की जो वैदिक अवधारणा है या यों कहें हिन्दू अवधारणा है ठीक उसी प्रकार जैसे धर्म को अग्रेजी शब्द का ह्यरिलिजेनह्न से जोड़कर हिन्दू चिन्तन में धर्म की व्याख्या को स्याह करने का दुश्चक्र के समान है। आजादी के उस अमृत काल में अंग्रेजो और अतिवादी वामपंथियों की कपोल कल्पनाओं की झंझावात से निकल राष्ट्र की अवधारणा का हिन्दू चिन्तन ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करता है। भारत एक सनातन राष्ट्र है, हिन्दू राष्ट्र है, इसे सेमेटिक तत्वों के इन्द्रजाल से बाहर निकाल, आज के युवा पीढ़ी के सामने,इस सत्य को साझा करना हर हिन्दू का कर्तव्य है।

खास बात

## हिंसा मुक्त हो यूएसए

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**अमेरिका** दुनिया का सबसे संपन्न और शक्तिशाली देश है लेकिन यह भी सच है कि वह सबसे बड़ा हिंसक देश भी है। जितनी हिंसा अमेरिका में होती है, दुनिया के किसी देश में नहीं होती। वैसे तो अमेरिका में ईसाई धर्म को माननेवालों की संख्या सबसे ज्यादा है लेकिन क्या वजह है कि ईसा की अहिंसा का वहां कोई खास प्रभाव दिखाई नहीं पड़ता। कैलिफोर्निया में तो हिंसा थम नहीं रही। लॉस एंजिलिस के एक कस्बे में एक बंदूकची के कहर ढाने के बाद हुई दूसरी घटना में भी कई लोग मारे गए। साठ हजार की आबादी वाले लॉस एंजिलिस के इस कस्बे में एशियाई मूल के लोग बहुतायत में हैं, खास तौर से चीन के लोग।

वे चीनी नव वर्ष का उत्सव मना रहे थे और उसी समय एक बंदूकची ने 10 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। कई लोग घायल भी हो गए। यह इस नए साल की पहली घटना नहीं है। ऐसी घटनाएं आए दिन अमेरिका में होती रहती हैं। पिछले साल बंदूक की गोलियां खाकर 40 हजार लोगों ने अपने प्राणों से हाथ धोए हैं। क्या इतनी हत्याएं किसी और मुल्क में कभी होती हैं? इतने लोग तो बड़े-बड़े युद्धों में भी नहीं मारे जाते। तो क्या हम मान लें कि अमेरिका सदा सतत युद्ध की स्थिति में ही रहता है? अमेरिका में इतनी शांति और सद्भाव रहना चाहिए कि दुनिया में उसका कोई देश मुकाबला ही न कर सके।

चीन और भारत जैसे देश अमेरिका से 4-5 गुना बड़े देश हैं लेकिन उनमें क्या इतनी हिंसा होती है? यहां असली सवाल यह है कि क्या पैसे और डंडे के जोर पर आप शांति और सद्भाव खरीद सकते हैं? सच्चाई तो यह है कि अमेरिका का पूंजीवादी समाज मूलतः उपभोक्तावादी समाज बन गया है।



स्पीड न्यूज

### भद्रकाली महाविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार आज से

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में 30-32 जनवरी को नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ दुलार हजाम ने बताया कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन 30 जनवरी को बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) हजारीबाग के कुलपति प्रोफेसर डॉ मुकुल नारायण देव करेंगे।

### 10 एकड़ में लगे अवैध पोस्ते की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**चतरा।** एस पी राकेश रंजन को लगातार मिल रही गुप्त के आलोक में रविवार को वशिष्ठ नगर जोरी थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम राजगुरु के मोरेनिया में लगभग 4 एकड़,ग्राम चमनदोह मे 3 एकड, बेलवा टॉड मे 3 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को विनष्ट किया गया है। इस विनष्टी करण अभियान में वशिष्ठ नगर जोरी थाना प्रभारी के अलावा राजपुर वन क्षेत्र के उप परिसर पदाधिकारी अमित कुमार रंजन, रितेश विश्वकर्मा, मनीष कुमार, नरेश प्रजापति पशुरक्षक भागी सिंह, एवं पुलिस प्रशासन के जवान और चौकीदार शामिल थे।

### डेग फातिहा का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** ख्वाजा गरीब नवाज मोईनुद्दीन चिस्ती के दरगाह में चल रहे 811वें सालाना उर्स के समापन के मौके पर प्रखंड के विभिन्न मुस्लिम बाहुल इलाकों में डेग फातिहा का आयोजन किया गया। इस दौरान मरकच्चो जामा मस्जिद में भी डेग फातिहा खानी आयोजित की गयी। मौके पर उपस्थित मस्जिद के इमाम मो रफीक ने लोगों को ख्वाजा गरीब नवाज के आदर्शों का पालन करने व उनके बताये गये नक्शे कदम पर चलने का आह्वान किया।

## डीसी और एसपी ने भद्रकाली मंदिर परिसर का लिया जायजा

### कहा भव्य रुप से मनाया जाएगा राजकीय इटखोरी महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



महोत्सव स्थल का निरीक्षण करते डीसी व एसपी

**इटखोरी।** उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी ने रविवार को जिले के कई अधिकारियों के साथ मां भद्रकाली मंदिर परिसर का दौरा किया। मंदिर परिसर के दौरे के क्रम में अधिकारियों ने इटखोरी महोत्सव के मुख्य आयोजन स्थल, सेमिनार स्थल, म्यूजियम के साथ पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन 19 फरवरी को करने पर सहमति प्रदान कर दी है। महोत्सव का उद्घाटन और समापन दोनों भव्य तथा श्रद्धा और भक्ति पूर्ण माहौल में किया जाएगा। मंदिर परिसर का जायजा लेने के दौरान उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों से कलाकारों को लेकर भी मंत्रणा की। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि महोत्सव की तैयारियों को लेकर आगामी चार फरवरी को समाहरणालय के सभागार में बैठक रखी गई है। जिसमें उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक के साथ जिले के सभी विभागों के अधिकारी, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य तथा महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य भी आमंत्रित किए गए हैं।

## अजमेर शरीफ उर्स मना, गरीब नवाज की याद में झूमे श्रद्धालु



**जयनगर (कोडरमा)।** ख्वाजा गरीब नवाज हजरत मोईनउद्दीन चिश्ती का कुल अजमेर शरीफ में मनाया गया। इस कड़ी में यहां ख्वाजा के चाहने वालों ने नियाज नजर की। खानकाहों व दरगाहों पर कुरान ख्वानी, नातो मनकबत व तकरीर के बाद कुल की रस्म अदा की गई। इस दौरान कई जगह लंगर भी हुआ। प्रखंड के स्थानीय जयनगर सहित गरचांच, रघुनियाडीह, बेको, पिपचो, मंडरिया, बदडीहा, सतडीहा, लोहाडंडा, नईटांड़, देवीटांड़, पथलकुद्वा सहित सभी मुस्लिम बहुल इलाकों में डेग चढ़ाकर उनकी बारगाह में खिराजे अकीदत पेश किया गया। ज्ञात हो कि महान सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती (र अ) की दरगाह अजमेर शरीफ में है। हर साल उनके आस्ताने में अरबी माह के रज्जब के माह में उर्स का आयोजन होता है। मुख्य कार्यक्रम छह रज्जब को होता है। रविवार को छह रज्जब के दिन जहां अजमेर में अकीदतमंद जुटे, वहीं स्थानीय स्तर पर भी घरों और विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों द्वारा फातेहा, कुरान ख्वानी, लंगर, जलसे का आयोजन किया गया। घरों में फातेहा हुई और शिरनी बांटी गई।

## जागरूकता शिविर का आयोजन



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बासोडीह पंचायत भवन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ बैधनाथ उरांव, सीडीपीओ संतोष कुमार, थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह मौजूद रहे। वहीं बीडीओ बैधनाथ उरांव ने कहा कि लोग जागरूक हो तभी आप अपना अधिकार पा सकते हैं, उन्होंने लोगों को भरण पोषण अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह, मनरेगा एक्ट, दहेज प्रथा आदि कानून के प्रति लोगों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम की विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही उपस्थित लोगों को अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कमलेश कुमार, सुरेश यादव, ग्रामीण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहिया दीदी आदि मौजूद थे।

## सिमरिया में दो दर्जन से अधिक है अवैध नर्सिंग होम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया/ चतरा।** सिमरिया में दो दर्जन से अधिक अवैध नर्सिंग होम और प्राइवेट क्लिनिक संचालित है। जिसमें से बगरा स्थित पारस हॉस्पिटल में सिमरिया के डॉक्टर अंकुर कुमार ने पुलिस बल के साथ छापेमारी की। डॉक्टर अंकुर ने बताया कि पारस नर्सिंग होम में एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। जबकि नर्सिंग होम में लगभग एक दर्जन मरीज भर्ती थे। इनमें से चार पांच मरीजों का आपरेशन भी कर दिया गया था। डॉक्टर अंकुर ने वहां भर्ती मरीजों की सारी कागजात जप्त कर लिया। बहरहाल सिमरिया में अधिकतर नर्सिंग होम बिना चिकित्सक के चलाए जा रहे हैं। सबसे मजे की बात तो यह है कि सभी नर्सिंग होम में मरीजों का आपरेशन किया जाता है और आपरेशन करने वाला सिमरिया रेफरल हॉस्पिटल के एक चिकित्सक होते हैं। इस संबंध में सिमरिया के चिकित्सा प्रभारी अशोक करमाली ने कहा कि सीएस के आदेश मिलने के बाद ही वे इन अवैध क्लिनिक और नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं। यही कारण है कि सिमरिया रेफरल अस्पताल में आपरेशन कराने वाले मरीजों की घटती संख्या पर चतरा सीएस डॉ. एसएन सिंह ने गंभीर सवाल उठाए हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि सिमरिया में सभी अवैध संचालित नर्सिंग होम और प्राइवेट क्लीनिक को सिविल सर्जन से गठित टास्क फोर्स की टीम से जांच करने की मांग की है।

## अंधेरे में सड़क व ढोभा निर्माण कार्य जेसीबी मशीन से जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जिला प्रशासन नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत धरगांव पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव को स्वावलंबी गांव बनाने को लेकर एक तरफ प्रयासरत है, तो वहीं दूसरी तरफ बिचैलिए लक्ष्मीपुर में रहने वाले ग्रामीण जिन्हें रोजगार की सख्त आवश्यकता है, वैसे लोगों की हक मारी कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर में डोभा निर्माण हो या मनरेगा योजना से सड़क निर्माण हो सभी रात के अंधेरे में धड़ले से जलछाजन के आड़ में मशीन से किया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया की दिन में पोकलेन मशीन से जलछाजन का काम होता है, तो वहीं रात के अंधेरे का फायदा उठाकर डोभा में काम किया जाता है, आगे उन्होंने कहा की मनरेगा योजना लक्ष्मीपुर में पूरी तरह से फ्लॉप है। क्योंकि रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क निर्माण व ढोभा निर्माण का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। वही दिन के उजाले में कोई भी योजनाएं संचालित नहीं होती हैं, ना ही किसी मजदूर को कार्य करने के लिए मिलता है। मजबूरन गरीब अपने परिवार के पेट भरने को लेकर प्रदेश पलायन कर जाते हैं, फिर भी जिला प्रशासन को इस बात की भनक तक नही लगती। बता दें की बिचैलिया किस प्रकार से लक्ष्मीपुर गांव में हावी होकर मनरेगा में सेंधमारी कर जेसीबी मशीन चलवा कर रात के अंधेरे में पूरा खेल को अंजाम देने में जुटा हुआ है। जिससे गरीब मजदूरों को रोजगार मिलना सुनिश्चित नहीं हो पा रहा। मजदूरों ने यहां तक बताते हैं कि हम लोगों को मनरेगा मजदूरी कितना मिलना है, यह भी हम लोगों को नहीं पता, जो बिचैलिए हैं, वे लोग हम लोग को बताते हैं की मनरेगा में मजदूरी दर तकरीबन 150 रुपए है।

## मैराथन दौड़ व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत खेसकरी में रविवार को मैराथन दौड़ व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी शामिल हुई और उन्होंने संयुक्त रूप से फीता काटकर मैराथन दौड़ व क्विज प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मैराथन दौड़ में कुल 89 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर नवीद खान, जीशान खान, हसनैन खान, मंसूर खान, काशित खान, कैफ खान, अल्फाज खान, अरमान खान, वशी अहमद खान, शहजाद, बाबू खान, बुलबुल खान, अमरनाथ खान आदि मौजूद थे।

## सेंट्रल कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव मना



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल कादोडीह रोड दरदाही ने 10वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। वहीं वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र-छात्रओं ने एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य कर दर्शकों का मन लुभाया। कई छात्र-छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत कर समाज के लोगों को जागरूक किया। वहीं पर्यावरण, पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, हिंदू मुस्लिम एकता, देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से दिया। मौके पर राजकुमार यादव, रवि शंकर तिवारी उर्फ मंटु, टिपन पासी, नरेश प्रसाद साव, रिया कुमारी, जनार्दन यादव, दीपक राम, डूगन माहतो, रामप्रसाद साव, पोखराज साव, भीष्म साव, रोहित बर्णवाल, अशोक राणा, खलील अंसारी, रामचंद्र राणा, सुदामा ठाकुर, बिंदी कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

## अवैध ढिबरा लदा ट्रक जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस कप्तान कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान के नेतृत्व में छाबड़ा पेट्रोल पंप के समीप से अवैध ढिबरा लदा 14 चक्का ट्रक जब्त किया गया। वहीं मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अवैध ढिबरा लदा ट्रक जेएच11डब्ल्यू/8179 जो 25 जनवरी को गिरिडीह से ढिबरा लोड कर महाड़ (महाराष्ट्र) जा रहा था, तभी बीच रास्ते में ट्रक का पत्ती टूट जाने के कारण छाबड़ा पेट्रोल पंप के समीप पत्ती दुकान में पत्ती का काम करवा था, ट्रक में लगभग 31 टन ढिबरा लोड था। वहीं चालक व उपचालक की पहचान लालजीत रवानी व कैलाश यादव खैरीडीह गिरिडीह निवासी के रूप में की गइ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


74 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त
बारियातू प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आईये हमसभी मिलकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करें व
बारियातू प्रखंड के विकास में सहभागी बनें।
रमेश राम
जिला परिषद सदस्य बारियातू
उर्मिला देवी
प्रमुख बारियातू
निवेदक :-नंदू उरांव
सुशीला देवी
पंसस सिबला
निशा शाहदेव,
उप प्रमुख बारियातू
निवेदक लाल आशीष नाथ शाहदेव
राजीव भगत
मुखिया साल्वे
सरिता देवी
मुखिया बारियातू
निवेदक प्रमोद उरांव.
शांति देवी
मुखिया टोटी
सुशीला देवी
मुखिया अमरवाडीह
निवेदक राजेन्द्र उरांव
सुरेश उरांव
मुखिया सिबला.
रानो देवी
मुखिया गोनिया
केदार गंझु
मुखिया बालूभाँग
तेतरी देवी
मुखिया फूलसु
निवेदक अर्जुन उरांव
पंचायत प्रतिनिधि संघ
बारियातू
सुरेश उरांव
मुखिया डाढा
अर्चना देवी
उप मुखिया सिबला
निवेदक सुबोध कुमार सिंह


74 वें गणतंत्र दिवस
के शुभ अवसर पर समस्त पिपरवार क्षेत्र वासियों को
हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं।
शंभु कुमार सिंह
एसडीपीओ टंडवा
गोविंद कुमार
थाना प्रभारी पिपरवार
लालेश्वर महतो
भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रांची ग्रामीण
राजेश महतो
भाजपा ओबीसी मोचा मंडल अध्यक्ष पिपरवार
सरिता देवी
मुखिया बेती पंचायत पिपरवार
नेहा उरांव
जिप सदस्य टंडवा दक्षिणी
राधा देवी
भाजपा मंडल महामंत्री पिपरवार
रेखा कुमारी
मुखिया बहेरा पंचायत पिपरवार
मो. मुन्ना उर्फ कासिम
क्षेत्रिय अध्यक्ष राट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन
अरविंद कुमार
सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा मंडल पिपरवार
अनुप्रिया कुमारी
पंसस बेती पंचायत
महेश मुंडा
मुखिया कल्याणपुर पंचायत


26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर
समस्त प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रखंड बिस सूत्री परिवार बारियातू
प्राथमिक शिक्षक संघ
बारियातू
यमुना साव
समाजसेवी राजगुरु बारियातू
राजेन्द्र गंझु
बीससूत्री अध्यक्ष
सुरेश गंझु
उपाध्यक्ष बारियातू
लाखो भुइयाँ
कोषाध्यक्ष
बिनय उरांव
पंचायत अध्यक्ष गोनिया
लव कुमार सिंह
भाजपा मंडल अध्यक्ष
दीपक कुमार सिंह
भाटचतरा समाजसेवी
MAA UGRATARA NURSING HOME
(Prioritising Rural Helth)
माँ उग्रतारा नर्सिंग होम
24 घंटे सेवा उपलब्ध।
Contact No. 9999088232
जय माँ उग्रतारा नर्सिंग होम
बारियातू
प्रमिला कुमारी
मानवाधिकार जिला अध्यक्ष लातेहार
चेतलाल रामदास
भाजपा नेता सह समाजसेवी
शुभचिंतक
खबर मन्त्र
बलराम स्टोन
एन्ड माइंस पिपराडीह
निवेदक - कन्हाई सिंह
मुकेश चौधरी
थाना प्रभारी बारियातू
संदीप सिंह
समाजसेवी
बिश्रामपुर, बरियातू,
देवनंदन राम
चौकीदार
बरियातू थाना
74वां गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विद्यालय
परिवार बारियातू
परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू
उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोनिया
टोटी हेसला, फूलसु
74वां गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
क्रसर
संघ
बारियातू
74वां गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डीलर
संघ
बारियातू




गणतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिले वासीयों को हार्दिक शुभकामना। जिले में बेहतर स्वास्थ व्यवस्था उपलब्ध कराने का है मेरा संकल्प।

निवेदक:- सीटी हॉस्पीटल परिवार

मेन रोड लातेहार



गणतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर देश के वीर सपूतों को नमन करते हुए समस्त जिले वासीयों को हार्दिक शुभकामना।

आइये इस गरिमामयी दिवस पर जिले में बेहतर स्वास्थ व्यवस्था उपलब्ध कराने का संकल्प लें।



तापा लाइफ लाइन हॉस्पीटल



निवेदक:- डॉ. सुरेन्द्र कुमार सिंह,
तापा लाईफ लाइन, चंदनडीह मिडील स्कूल रोड, लातेहार

नोट-चिकित्सक, आउटडोर, इनडोर, आधुनिक ऑपरेशन थियेटर, पैथेलॉजी, संपूर्ण टीकाकरण, लेबर रुम, अल्ट्रासाउण्ड, एक्सरे, ईसीजी की सुविधा उपलब्ध 24 घंटे।






74 वें गणतंत्र दिवस
के शुभ अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासीयों को हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं।

बलिदानों का सपना जब सच हुआ, देश तभी आजाद हुआ, आज सलाम करे उन वीरों को, जिनकी सहादत से ये भारत गणतंत्र हुआ। -





मुनेश्वर उरांव
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी, लातेहार



बनवारी साहु महाविद्यालय लातेहार

74 वें गणतंत्र दिवस
के शुभ अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासीयों को हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं।


सुनील कुमार सिंह
सांसद सह अध्यक्ष


प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी
प्राचार्य


कृष्णा प्रसाद गुप्ता
एनजीओ अध्यक्ष


अंजू गुप्ता
सचिव



26 जनवरी गणतंत्र दिवस
के शुभ अवसर पर समस्त खलारी प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


अनिमेष नैथानी
डीएसपी खलारी


लेखराज नाग
प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी


शिशुपाल आर्य
अंचलाधिकारी खलारी


फरिद आलम
थाना प्रभारी खलारी


विनय कुमार गुप्ता
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी खलारी

प्रेमचंद मुर्मू
कनीय अभियंता


असीत कुमार सिंह
प्रखंड समन्वयक
15 वां वित

महबूब आलम
ग्राम रोजगार सेवक
खलारी

रमेश कुमार गुप्ता
कनीय अभियंता

अंचल परिवार
खलारी

किशोर कुजूर
प्रखंड समन्वयक
पीएम आवास योजना ग्रामीण

प्रखंड सह अंचल एवं प्रशासनिक परिवार खलारी



74 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर
समस्त खलारी प्रखंडवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

निवेदक:-
आम जनता
खलारी प्रखंड

आईये हम सभी मिलकर खलारी प्रखंड के संपूर्ण विकास में योगदान दें।



# 74 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## जुनैद अनवर

संचालक मनतसा मोटर्स

## कामेश्वर राम

प्रखंड उप प्रमुख बालूमाथ

## मो. सद्दाम

संचालक मनतसा मोटर्स

## मो. नौशाद

युवा व्यवसायी बालूमाथ

## मिथुन साव

विस्थापित नेता मगध कोल परियोजना

## अर्पित कुमार यादव

बालूमाथ

## रंजीत यादव

समाजसेवी सेरेगढ़ा बालूमाथ

## सुनिल यादव

समाजसेवी सेरेगढ़ा बालूमाथ

## नेशनल ऑटो मोबाईल


बालूमाथ

## मनोज यादव

विस्थापित नेता तेतरियाखांड कोल परियोजना

## प्रदीप यादव

भाजपा नेता सह विस्थापित नेता तेतरियाखांड़ कोल परियोजना

## संजय यादव

भाजपा नेता सह विस्थापित नेता तेतरियाखांड़ कोल परियोजना

## अफताब आलम

अंचलाधिकारी बालूमाथ

## आमिर हयात

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बालूमाथ

## अनिता देवी

जिला परिषद उपाध्यक्ष बालूमाथ



74 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## प्रदीप साव

युवा व्यवसायी बालूमाथ



26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## सुरेश उरांव

भवन निर्माण एवं अन्य संनिर्माण कामगार यूनियन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी काउंसिल राजहरा एरिया अध्यक्ष

# तीनों सेनाओं की भारतीय शास्त्रीय धुनों से गूंज उठा विजय चौक

## बीटिंग द रिट्रीट : भव्य शो में शामिल हुए 3500 स्वदेशी ड्रोन से रोशन हुईं रायसीना की पहाड़ियां

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में गणतंत्र दिवस समारोहों के समापन का प्रतीक 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह में भारतीय शास्त्रीय रागों पर आधारित भारतीय धुनों से विजय चौक गूंज उठा। यह समारोह देश के सबसे बड़े ड्रोन शो का भी गवाह बना, जिसमें रायसीना की पहाड़ियां हल्की बूंदा-बांदी के बीच रोशन हुईं। दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए इस ड्रोन शो में 3,500 स्वदेशी ड्रोन शामिल हुए। सप्ताह भर चले गणतंत्र दिवस समारोह का समापन रविवार को 'बीटिंग द रिट्रीट' के साथ हो गया।

देश में गणतंत्र दिवस समारोह 23 जनवरी से शुरू हो गया था। 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर झंडा फहराया गया और लाल किला तक भव्य परेड निकाली गयी। सप्ताह भर चले गणतंत्र दिवस समारोह का समापन आज 'बीटिंग द रिट्रीट' के साथ हो गया। इस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई गण्यमान्य लोग शामिल हुए। इस वर्ष दिल्ली के विजय चौक पर हुआ 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह कई मायनों में बेहद खास रहा।



ड्रोन शो में 3,500 स्वदेशी ड्रोन शामिल हुए, जिसने रायसीना पहाड़ियों को हल्की बूंदा-बांदी के बीच रोशन किया। बोटलैब्स डायनेमिक्स की ओर से आयोजित ड्रोन शो में पहली बार नॉर्थ और साउथ ब्लॉक के अगले हिस्से में बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के दौरान एक 3डी एनामॉर्फिक प्रोजेक्शन किया गया, जिसने इस समारोह को और भी खास बना दिया। समारोह की शुरुआत तीनों सेनाओं के सामूहिक बैंड की 'अग्निवीर' धुन से हुई, जिसके बाद पाइप्स और ड्रम बैंड से 'अल्मोड़ा', 'केदारनाथ', 'संगम दूर', 'सतपुड़ा की रानी', 'भागीरथी', 'कोंकण सुंदरी' जैसी मोहक धुनें निकाली गयीं। भारतीय सेना के बैंड ने 'शंखनाद', 'शेर-ए-जवान', 'भूपाल', 'अग्रणी भारत', 'यंग इंडिया', 'कदम कदम बढ़ाए जा', 'ड्रमर्स कॉल' और 'ऐ मेरे वतन के लोगों' बजाया। भारतीय वायु सेना के बैंड ने 'अपराजेय अर्जुन', 'चरखा', 'वायु शक्ति', 'स्वदेशी' की धुन बजायी, जबकि भारतीय नौसेना ने 'एकला चलो रे', 'हम तैयार हैं' और 'जय भारती' की धुनें बजायीं। भारतीय शास्त्रीय रागों पर आधारित भारतीय धुनों ने इस वर्ष 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह में चार चांद लगा दिये। इसके अलावा सेना, नौसेना, वायु सेना और राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के संगीत बैंड ने 29 मनोरम और पैर थिरकने वाली भारतीय धुनें भी बजायीं। 'बीटिंग द रिट्रीट' कार्यक्रम का समापन 'सारे जहां से अच्छा' की सदाबहार धुन के साथ हुआ।



### क्या है 'बीटिंग द रिट्रीट' सेरेमनी

'बीटिंग द रिट्रीट' सेना के बैरक वापसी का प्रतीक है। दुनिया भर में बीटिंग रिट्रीट की परंपरा रही है। लड़ाई के दौरान सेनाएं सूर्यास्त होने पर हथियार रख कर अपने कैंप में जाती थीं, तब एक संगीत में समारोह होता था, इसे बीटिंग रिट्रीट कहा जाता है। भारत में बीटिंग रिट्रीट की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी, तब भारतीय भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट्स ने बड़े पैमाने पर बैंड द्वारा प्रदर्शन के अनूठे समारोह को स्वदेशी रूप से विकसित किया। विजय चौक पर राष्ट्रपति के आते ही उन्हें नेशनल सेल्यूट दिया गया। थल सेना, वायु सेना और नौसेना, तीनों के बैंड मिलकर पारंपरिक धुन के साथ मार्च किया। बैंड वादन के बाद रिट्रीट का बिगुल वादन हुआ और इस दौरान बैंड मास्टर ने राष्ट्रपति के पास जाकर बैंड वापस ले जाने की इजाजत मांगी। इसका मतलब ये होता है कि 26 जनवरी का समारोह पूरा हो गया है और बैंड मार्च ने वापस जाते समय लोकप्रिय धुन 'सारे जहां से अच्छा' बजायी।

## स्पीड न्यूज

### महाकालेश्वर मंदिर में 10 से मनेगी शिव नवरात्रि

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में हर साल की तरह इस वर्ष भी फाल्गुन कृष्ण पंचमी यानी 10 से 18 फरवरी तक शिव नवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। इसकी शुरुआत 10 फरवरी होगी और 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर इसका समापन होगा। इस दौरान भगवान महाकाल दूल्हा बनेंगे और नौ दिन नवशृंगार में भक्तों का मन मोहेंगे।

### ले. जनरल संदीप ने सुरक्षा की समीक्षा की

**जम्मू।** सेना की 16वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने जम्मू संभाग के राजौरी और पुंछ में नियंत्रण रेखा से सटे विभिन्न सेक्टरों का दौरा किया और समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

### शाह अब 25 फरवरी को आयेंगे बिहार

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे की तारीख में बदलाव किया गया है। वे अब 25 फरवरी को बिहार आयेंगे। गृह मंत्री ने इसकी सूचना बिहार भाजपा के नेताओं को दे दी है।

### विश्वभारती के वीसी ने पीएम को लिखा पत्र

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्व भारती विश्वविद्यालय की जमीन पर नोबेल विजेता अमर्त्य सेन के कथित कब्जे का विवाद बढ़ता जा रहा है। एक दिन पहले राज्य के कई अखबारों में विश्व भारती की विवादित जमीन का मालिक अमर्त्य सेन को बताये जाने को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति विद्युत चक्रवर्ती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।

### बलूचिस्तान में बस खाई में गिरी, 44 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के लासबेला जिले में रविवार सुबह एक बस के खाई में गिरने से 44 लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बस क्वेटा से कराची जा रही थी। इस बस में 48 यात्री सवार थे।

### एनआइए ने हुर्रियत कांफ्रेंस का कार्यालय किया कुर्क

**श्रीनगर।** दिल्ली की अदालत से आदेश के बाद रविवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) के अधिकारियों ने राजबाग स्थित ऑल पार्टीज हुर्रियत कांफ्रेंस (एपीएचसी) का कार्यालय कुर्क कर लिया। अदालत ने यह आदेश टेरर फंडिंग मामले में दिया है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उद्यान उत्सव का किया उद्घाटन



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को उद्यान उत्सव-2023 का उद्घाटन किया। उद्यान उत्सव हर वर्ष फरवरी और मार्च में आयोजित किया जाता है और इस दौरान राष्ट्रपति भवन के उद्यान को आम जनता के लिए खोला जाता है। अमृत उद्यान (इससे पहले मुगल गार्डन) आगंतुकों के लिए 31 जनवरी से 26 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक खुला रहेगा। इसके अलावा प्रत्येक सोमवार, 1 व 2 मार्च को जी20 मीटिंग के दौरान और 8 मार्च को होली के दिन उद्यान बंद रहेगा। राष्ट्रपति भवन के अनुसार 28 मार्च से 31 मार्च तक उद्यान विशेष श्रेणी के लोगों के लिए खुला रहेगा। 28 मार्च को किसानों, 29 मार्च को दिव्यांग, 30 मार्च को रक्षा बल, अर्धसैनिक बल और पुलिसकर्मी तथा 31 मार्च को महिला तथा आदिवासी महिलाओं के स्वयं सहायता समूह के लिए खुला रहेगा। अमृत उद्यान में प्रवेश निःशुल्क है। लोग वॉक-इन या अपनी यात्रा को ऑनलाइन बुक कर सकते हैं। प्रवेश राष्ट्रपति संपदा के गेट नंबर 35 से होगा, जहां नॉर्थ एवेन्यू राष्ट्रपति भवन से मिलता है।

# राहुल गांधी ने लाल चौक में फहराया तिरंगा भारत जोड़ो यात्रा अब अपने अंतिम पड़ाव पर

**श्रीनगर (हि.स.)।** कन्याकुमारी से शुरू होकर भारत जोड़ो यात्रा रविवार को अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गयी है। श्रीनगर पहुंचने पर राहुल गांधी ने लाल चौक पर तिरंगा फहराया। इस मौके पर विजयी विश्व तिरंगा प्यारा से श्रीनगर गूंज उठा। सोमवार को शेरे कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में सार्वजनिक रैली के साथ ही इस यात्रा का समापन हो जायेगा।

श्रीनगर पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोगों ने राहुल गांधी के साथ शामिल होकर भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत किया। यात्रा सुबह पंथा चौक से शुरू थी, जो श्रीनगर शहर के बुलेवार्ड रोड पर नेहरू पार्क के पास समाप्त होगी। सोमवार को शेरे-कश्मीर स्टेडियम में आयोजित सार्वजनिक रैली में कई विपक्षी नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इस समापन रैली में लगभग 23 विपक्षी राजनीतिक दलों को



आमंत्रित किया गया है। यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार सुबह चुरसू गांव अवंतिपोरा से यह यात्रा शुरू हुई थी। शनिवार को पुलवामा से पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती, उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती और पार्टी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राहुल के साथ यात्रा में शामिल हुए थे। इसके अलावा पुलवामा में ही प्रियंका गांधी भी शामिल हुई थीं। राहुल गांधी ने अपनी यह यात्रा 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू की थी।

### चीन ने दो हजार वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र को हड़प लिया : राहुल

**श्रीनगर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि चीन के मामले में उन्होंने चुप्पी साध रखी है, जबकि चीन ने लगभग दो हजार वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र को हड़प लिया है। सिर्फ देश के प्रधानमंत्री को लगता है कि चीन ने देश की जमीन नहीं हड़पी है। राहुल गांधी रविवार को भारत जोड़ो यात्रा के श्रीनगर पहुंचने पर यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री देश के एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें लगता है कि चीनियों ने भारत की कोई जमीन नहीं ली है। राहुल ने कहा कि उनसे आसाम और लद्दाख के लोग मिले हैं, जिन्होंने इस पर उनसे चर्चा की। एक लद्दाखी प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि दो हजार वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र को चीन ने हड़प लिया है।

# भविष्य में नीतीश कुमार से कोई समझौता नहीं : तावड़े

**दरभंगा (हि.स.)।** भाजपा ने प्रदेश कार्यसमिति के दूसरे दिन रविवार को एक बड़ा फैसला लिया है। भाजपा ने अपनी प्रदेश कार्यसमिति में प्रस्ताव पारित कर यह फैसला लिया कि अब आगे किसी सूरत में नीतीश कुमार से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने कार्यसमिति में इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि मैंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृह मंत्री अमित शाह से बात की है और उन्होंने स्पष्टता से कहा है की हम किसी भी सूरत में जदयू एवं नीतीश कुमार से गठबंधन नहीं करेंगे। नीतीश कुमार आर्थिक-सामाजिक विकास के विरोधी हैं। केंद्र सरकार द्वारा लगातार राशि उपलब्ध कराये जाने के बाद भी बिहार का विकास रुका हुआ है।

दरभंगा में हो रही भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के



दूसरे दिन बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े ने आलाकमान के फैसले से यहां के नेताओं को अवगत कराया। विनोद तावड़े ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने यह तय किया है कि भविष्य में अब किसी सूरत में नीतीश कुमार के साथ कोई तालमेल नहीं किया जायेगा। नीतीश कुमार के पास समर्थन नहीं था, फिर भी भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन, वे धोखा देकर भाग खड़े हुए। ऐसे में अब उनसे आगे कोई बात नहीं होगी।

# मुंबई में लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ सड़क पर उतरा हिंदू समाज

**मुंबई (हि.स.)।** मुंबई के दादर स्थित कामगार मैदान में सकल हिंदू समाज ने लव जिहाद और धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने के लिए जन आक्रोश प्रदर्शन किया। साथ ही, दादर स्थित शिवाजी पार्क से कामगार मैदान तक मार्च निकाला। इसमें लाखों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए।

प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राम कदम, केशव उपाध्ये, नीतेश नारायण राणे, बालासाहेब की शिवसेना के सदा सरवणकर सहित कई हिंदू नेता भी उपस्थित थे। मार्च की अगुआई महिलाओं ने की। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान जो हिंदू हित का काम करेगा, वही



देश पर राज करेगा, गर्व से कहो हम हिंदू हैं जैसे नारे लगाए गए। इसके बाद कामगार मैदान पर लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता राम कदम ने कहा कि श्रद्धा वॉल्कर की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। देश में लव जिहाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं। श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड के बाद भी कुछ ऐसी घटनाएं सामने आयी हैं। इसलिए पूरा हिंदू समुदाय मांग कर रहा है कि धर्मांतरण कानून को लागू किया जाये। प्रदर्शन में श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड के आरोपित आफताब को कठोर सजा दिलाने की मांग की गयी।

# साबा कोरोसी तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे नयी दिल्ली

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार को नयी दिल्ली पहुंचे। पिछले साल सितंबर में कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी किसी देश की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यात्रा वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र के समक्ष पेश आ रही वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का एक अवसर प्रदान करेगी। साबा कोरोसी दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। इस भेंट वार्ता के दौरान दिसंबर में उनकी पिछली बैठक में उठाए गए विषयों पर चर्चा जारी रहने की उम्मीद है।

# ईरान में आया 5.9 तीव्रता का भूकंप, सात लोगों की मौत

**तेहरान (हि.स.)।** ईरान के अजरबैजान प्रांत के खोय शहर में शनिवार रात 11:44 बजे भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 रही। इस वजह से प्रभावित क्षेत्र में कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र ने यह जानकारी दी।

आपातकालीन सेवा के अधिकारियों के अनुसार, इस प्राकृतिक आपदा में सात लोगों की जान चली गयी और 440 लोग घायल हो गये। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र जमीन पर 10 किलोमीटर की गहराई में था।

### इस्लामाबाद में आये भूकंप के तेज झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में रविवार को दिन में 12:54 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। घबराहट में लोग घरों से बाहर निकलकर मैदानों में पहुंच गये। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गयी। आमतौर पर 6.3 तीव्रता वाला भूकंप विनाशकारी होता है। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार यह जमीन से 150 किलोमीटर नीचे और इसका केंद्र ताजिकिस्तान था। फिलहाल जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने भूकंप की तीव्रता 4.4 और जमीन में इसकी गहराई 32.4 किलोमीटर बतायी है।

# समाज के सहयोग से भारत बनेगा विश्वगुरु : होसबले

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने रविवार को कहा कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता और सहयोग से भारत विश्वगुरु बनेगा। संघ समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आज धर्मांतरण के षड्यंत्र में अनेक देशी-विदेशी शक्तियां सक्रिय हैं। इन चुनौतियों से देश की संगठित शक्ति ही निपट सकती है। सरकार्यवाह होसबाले हमीरपुर के टिप्पर में आयोजित हिमाचल प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग, प्रथम वर्ष (ओटीसी- प्रथम वर्ष) के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अजय कुमार शर्मा ने की।




# जोकोविच ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन

### सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक ने जीता करियर का 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब

एजेंसी

**मेलबर्न।** सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीत लिया। उन्होंने रॉड लैवर एरिना पर तीन घंटे से ज्यादा चले पुरुष एकल के फाइनल में यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास को पराजित किया। यह उनके करियर का 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब है।

जोकोविच ने हैमस्ट्रिंग की चोट से पार पाते हुए सिटसिपास को 6-3, 7-6 (4), 7-6 (5) से हराया। यह सर्बियाई दिग्गज का 10वां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब है। उनके बाद रोजर फेडरर का नाम आता है, जिन्होंने यह टूर्नामेंट छह बार जीता है।



विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए खेल रहे सिटसिपास ने पहला सेट गंवाने के बाद अच्छा खेल दिखाया। लेकिन, महत्वपूर्ण मौकों पर जोकोविच पॉइंट स्कोर करने में सफल रहे। आखिरी सेट के निर्णायक गेम में जोकोविच के 6-3 पर तीन चैंपियनशिप पॉइंट हासिल करने के बाद सिटसिपास ने दो पॉइंट हासिल कर लिए, पर उनका आखिरी शॉट कोर्ट से बाहर चला गया और खिताब जोकोविच के नाम हो गया। सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने के मामले में जोकोविच ने राफेल नडाल (22) की बराबरी कर ली है।




# भोपाल में आज होगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 का रंगारंग शुभारंभ

**भोपाल (हि.स.)।** हिंदुस्तान के दिल मध्य प्रदेश की मेजबानी में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 का शानदार आगाज सोमवार (30 जनवरी 2023) से होने जा रहा है। भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में सोमवार को शाम 7 बजे केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रामाणिक और प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की उपस्थिति में खेल महाकुंभ का रंगारंग शुभारंभ किया जायेगा। इस समारोह में ओडिशा के इलेक्ट्रॉनिक्स, आइटी, स्पोर्ट्स एवं यूथ वेलफेयर मंत्री तुषारकांति बेहरा और अरुणाचल प्रदेश के खेल मंत्री मामा नटुंग शामिल होंगे। जनसंपर्क अधिकारी बिंदु सुनील ने रविवार को बताया कि मध्य प्रदेश में पहली बार होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह की भव्य तैयारी की गयी है। टीटी नगर स्टेडियम के मुख्य ग्राउंड पर लगभग 100 मीटर लंबा स्टेज बनाया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश की संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों को दशार्या गया है। इसमें नर्मदा घाट, खजुराहो मंदिर, भीम-बेटका, श्री महाकाल महालोक, सांची स्तूप, ओरछा के मंदिर, भेड़ाघाट और ग्वालियर फोर्ट बनाया गया है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह में प्रख्यात टीवी स्टार जय भानुशाली एंकरिंग करेंगे। मशहूर गायक शान, जिन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के थीम सांग को आवाज दी है, समारोह में अपनी प्रस्तुति देंगे। गायिका नीति मोहन नर्मदा अष्टक की प्रस्तुति देंगी। दक्षिण भारत के प्रसिद्ध ड्रम्स शिवामणि और ग्रुप द्वारा एक भारत, श्रेष्ठ भारत की प्रस्तुति 100 लोक कलाकारों के दल द्वारा दी जायेगी। इसके अतिरिक्त अभिलिप्सा पांडा द्वारा 'हर हर शंभु' और नटराज डांस ग्रुप की प्रस्तुति, प्रिंस डांस ग्रुप द्वारा जी-20 की वसुधैव कुटुंबकम पर शानदार डांस प्रस्तुति होगी।



# उत्तर भारत में करवट ले सकता है मौसम, कई राज्यों में होगी बारिश

**नयी दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि उत्तर भारत में एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश होने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान कई जगह हल्की बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय है। इस वजह से रविवार सुबह से बादल छाए रहेंगे। इस अवधि में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इस अधिकारी का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर में रविवार को अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। बिहार में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। 31 जनवरी को उत्तर बिहार में जरूर बादल गरज सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश या हिमपात का पूर्वानुमान है। कश्मीर संभाग में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

# बिग बॉस 16 से बेघर होते ही टीना दत्ता ने किया बड़ा खुलासा



**टीवी एक्ट्रेस** टीना दत्ता को रियलिटी शो बिग बॉस 16 से बेदखल कर दिया गया है। इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए शालिन भनोट, प्रियंका चाहर चौधरी और शिव ठाकरे भी नॉमिनेट हुए थे। टीना को दर्शकों से सबसे कम वोट मिले और इसलिए उन्हें बिग बॉस हाउस छोड़ने के लिए कहा गया। टीना दत्ता ने अपनी लोकप्रिय टीवी शो उतरन में इच्छा का किरदार निभाने के लिए जानी जाती हैं। टीना ने पहले बिग बॉस 16 में कंटेस्टेंट अब्दु रोजिक से दोस्ती की और उसके बाद में शालिन भनोट के साथ एक रिश्ता बनाया। घर से निकलने के बाद टीना ने एक प्रेस बयान में कहा, मैंने शो में जीवन जीने के सबक सीखे हैं, इतना किसी अन्य अनुभव ने मुझे नहीं सिखाये होंगे। टीना ने यह भी कहा कि वह चाहती है की प्रियंका चाहर चौधरी ही शो जीते। टीना दत्ता का कहना है कि वह काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, मेरा यकीन करो, मैं घर से बाहर आकर बहुत खुश हूं। अब जब मैं घर से बाहर हूं, तो मुझे लगता है कि मैं कुछ भी कर सकती हूं। टीना दत्ता ने बिग बॉस होस्ट सलमान खान के बारे में बात करते हुए कहा, उन्होंने मुझे बहुत सारी चीजें समझाने की कोशिश की और बहुत सपोर्टिव थे। टीना ने कहा, मैंने हमेशा अपने लिए एक स्टैंड लेने की कोशिश की। हाल ही में जब प्रियंका चाहर चौधरी से मेरी दोस्ती हुई, तो फराह खान मैम ने बताया कि हम दोनों बहुत मतलबी दिख रहे हैं और दर्शक हम दोनों से बहुत नफरत कर रहे हैं। मैं बिग बॉस हाउस में अंदर ही अंदर सदमे में थी।

